राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेज़ी दैनिक

# मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, नूंह से प्रकाशित | संपादक अभयसिंह सैनी | 9992904845,8059956005

वर्ष : 03 | अंक : 85 | नूंह, गुरुवार 26 दिसंबर 2024 | आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 | मूल्य : 2 रूपए | पेज : 08 | mewatnewsexpress11@gmail.com

## देशभर में क्रिसमस की धूम रही

# गिरजाघरों में हुई विशेष प्रार्थना सभाएं, सभी धर्मों के लोग पहुंचे चर्च

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूरे देश में ईसाई धर्मावलंबी क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया। क्रिसमस पर देशभर के सभी चर्च रंगीन फर्रियों और बल्बों की रोशनियों से जगमग रहे। घर-घर क्रिसमस ट्री लगाए गए, तो क्रिसमस केक भी काटे गए। लोगों ने प्रभु यीशु को याद कर एक-दूसरे को केक खिलाकर क्रिसमस की बधाई दी। गिरजाघरों में यीशु के जन्म को दर्शाती हुई झांकियां सजाई गईं और विशेष प्रार्थना सभाओं का भी आयोजन किया गया। बाइबिल पाठ के साथ सुख-समृद्धि सहित विश्व में अमन चैन के लिए प्रार्थना की गईं। पादरियों ने युवाओं को प्रभु यीशु के संदेशों के आत्मसात करने का आह्वान भी किया।



यह रांची की तस्वीर है और इस तस्वीर में एक चर्च नजर आ रहा है, जिसे क्रिसमस के खास मौके पर बहुत ही अच्छे से सजाया गया है। इसकी लाइट्स बेहद आकर्षक हैं।

### सांता क्लॉज ने बच्चों को बांटे उपहार

क्रिसमस मनाने के लिए ईसाई धर्मावलंबियों के अलावा अन्य धर्म के लोग भी गिरजाघरों में पहुंचे। वहीं, जगह-जगह सांता क्लॉज छोटे बच्चों को उपहार, चॉकलेट बांटते दिखे। यही नहीं, छोटे बच्चे सांता के वेश में भी नजर आए।



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी मंगलवार रात कोलकाता में क्रिसमस मनाने के लिए एक चर्च में मध्य रात्रि की प्रार्थना के दौरान शामिल हुईं।

नई दिल्ली। बुधवार को नई दिल्ली स्थित सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल में क्रिसमस समारोह के दौरान ईसाई श्रद्धालु।





## खबर संक्षेप

### गिरिराज ने नीतीश के लिए मांगा 'भारत रत्न'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार के विधानसभा चुनाव को लेकर स्पष्ट किया कि



एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा और बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को ऊंचाई तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने राज्य को जंगलराज से बाहर निकाला। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।

### टीएमसी ने जिहादियों के लिए राज्य को अड्डा बनाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने बंगाल में अंसार-अल



इस्लाम बांग्लादेश के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की खबरों पर चिंता जताई और आरोप लगाया कि ममता सरकार ने राज्य को जिहादी तत्वों के लिए सुरक्षित पनाहगाह में बदल दिया है। गिरफ्तार सदस्यों ने मुर्शिदाबाद जिले में जरूरी पेपर बनवाए थे।

### हरिके गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**तरन तारन।** पंजाब पुलिस द्वारा लांडा हरिके गिरोह के तीन सदस्यों को अरेस्ट किए जाने की खबर है।



तरन तारन जिले में पुलिस के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लांडा हरिके गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना बुधवार तड़के की है, जिसमें कुलदीप सिंह उर्फ लाडू, यादविंदर सिंह उर्फ यादा और प्रभजीत सिंह उर्फ जज को अरेस्ट किया गया।

### पुलिस ने किया हनीट्रैप के गिरोह का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने दिल्ली में एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो



दिल्ली पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को हनीट्रैप करता था। यह गिरोह फर्राटे से अंग्रेजी बोलने वाली महिलाओं के साथ मिलकर अमीरों को चूना लगाता था। इस गिरोह ने अबतक दर्जनों रईसजादों को हनीट्रैप कर अपना शिकार बनाया है। गिरोह के 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### फरीदाबाद में भरे बाजार युवक की हत्या

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद थाना क्षेत्र में बसेलवा कॉलोनी में रहने वाले युवक की कुछ बदमाशों



में बाजार में चाकू से गोदकर हत्या कर दी। आरोपित युवक को मारने के बाद वहां से फरार हो गए।मृतक अंशुल बसेलवा कॉलोनी का ही रहने वाला था। अंशुल के दोस्त अनमोल ने बताया कि कुछ दिन पहले आरोपितों ने इंस्टाग्राम पर अंशुल को धमकी दी थी।

## पुलिस कर रही कारणों की पड़ताल, फिलहाल मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा

# संसद भवन के पास शख्स ने 'खुद' को लगाई आग, गंभीरावस्था में अस्पताल में कराया भर्ती

### पुलिस रेल भवन और संसद के बाहर के सीसीटीवी फुटेज देख रही है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*.दिल्ली पुलिस ने बताया संसद भवन के पास एक शख्स ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। उसे आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं और इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। पुलिस रेलवे भवन और संसद के बाहर के सीसीटीवी फुटेज देख रही है। वे आत्मदाह के सही कारण की भी जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मामला आपसी रंजिश का हो सकता है*

संसद भवन के पास बुधवार एक शख्स ने खुद को आग लगा ली। इससे वह बुरी तरह झुलस गया। उसे आनन-फानन में हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस को मौके पर पेट्रोल मिला है। शख्स ने ऐसा क्यों किया फिलहाल पुख्ता कारण का पता नहीं चल पाया है। जैसे ही इसकी खबर मिली मौके पर अफरा-तफरी मच गई। फोरेंसिक की टीम भी मौके पर जांच के लिए पहुंच गई है। डीसीपी देवेश कुमार महला ने कहा कि पुलिस कांस्टेबलों ने कुछ नागरिकों के साथ मिलकर तुरंत आग बुझा दी। शुरुआती जांच में पता चला कि जितेंद्र नाम का यह शख्स यूपी के बागपत में अपने खिलाफ दर्ज किसी मामले के कारण परेशानी में था। हालांकि कोई नोट नहीं मिला है। उसे अस्पताल भेजा गया है। उधर, अधिकारी हर स्तर पर जांच पड़ताल में जुट गए हैं। सैंपल जुटाए जा रहे हैं और आगे की पड़ताल की जा रही है।

घटना के बाद अफरातफरी मच गई

फोरेंसिक टीम ने वहां शुरू की जांच




### घायल को कंबल से कवर किया

घायल को घटना के तत्काल बाद कंबल से कवर किया गया। इस मामले में जो शुरुआती जानकारी मिल रही है उसके अनुसार युवक ने पहले रेल भवन के पास खुद को आग लगाई और ठीक उसको बाद वह संसद भवन की ओर तेजी से भागने लगा। उसे जल्द नजदीकी आरएमएलहॉस्पिटल ले जाया गया। दिल्ली अग्निशमन विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

### 3.35 बजे सूचना मिली

अधिकारी ने बताया कि संसद भवन के सामने रेल भवन के पास हुई इस दुर्घटना के बारे में अपराह्न करीब 3.35 बजे सूचना मिली, जिसके बाद दमकल विभाग की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि संसद के पास तैनात सुरक्षाकर्मी उस व्यक्ति को राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले कर गए।

### पुलिस ने घटनास्थल से लिया सैंपल

शख्स को अस्पताल के लिए रवाना किए जाने के बाद दिल्ली पुलिस की क्राइम टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया और सैंपल भी जुटाए। जिस जगह पर शख्स ने खुद को आग लगाया था, उस जगह को पुलिस ने कॉर्डन ऑफ कर दिया है। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने वाले जितेंद्र नाम के शख्स ने संसद के सामने पार्क में खुद को आग लगा ली और फिर मेन गेट की ओर बढ़ गया।




### अधजला सुसाइड नोट, पेट्रोल, जला बैग मिले

जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से 2 पेज का अधजला सुसाइड नोट, पेट्रोल, जला हुआ बैग और जूता मिला है। जिस जगह पर युवक ने खुद को आग लगाई, वहां बैरिकेडिंग की गई है। फिलहाल युवक की जानकारी सामने नहीं आई है।

### दिसंबर 2023 में हुई थी संसद भवन में घुसपैठ की घटना

*13 दिसंबर 2023 को संसद भवन में घुसपैठ की घटना हुई थी। इस मामले में मनोरंजन डी, नीलम आजाद, सागर शर्मा, अमोल शिंदे, ललित झा और महेश कुमावत को अरेस्ट किया गया था। यूएपीए यानी अनलॉफुल एक्टिविटी प्रिवेंशन एक्ट के तहत नीलम और उसके 5 साथी अब तिहाड़ जेल में ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं।*

## उत्तराखंड के भीमताल में बड़ा हादसा

# अल्मोड़ा से हल्द्वानी जा रही बस खाई में गिरी,4 की मौत



एजेंसी ▶▶| भीमताल

उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के भीमताल में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। अल्मोड़ा से हल्द्वानी आ रही रोडवेज बस भीमताल-रानीबाग मोटर मार्ग के आमडाली के पास गहरी खाई में जा गिरी। बस के खाई में गिरने से बस में सवार 27 लोग छिटककर इधर-उधर गिर पड़े। हादसे में 4लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें 2 महिलाएं, एक पुरुष और एक बच्चा शामिल है। कुछ गंभीर घायल हैं। खबर मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचा। घायलों को रस्सी और कंधों पर रखकर पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सड़क पर लाया गया। यहां सड़क से सीएचसी भीमताल ले जाया गया है। 21 सुशीला तिवारी भेजे गए हैं।

### कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य पहुंचीं

प्रशासनिक अमला अलर्ट हो गया है। 15 एंबुलेंस हल्द्वानी भेजी गई है। बड़े स्तर पर बचाव दल चल रहा है। खड़ी चढ़ाई होने से मरीजों को लाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य भी घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंची। वहीं आयुक्त दीपक रावत भी सुशीला तिवारी हॉस्पिटल पहुंचे।

### धामी ने किया मुआवजे का ऐलान

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी ने बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। इसमें उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा 5 लाख जबकि सड़क सुरक्षा निधि से 2 लाख और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 3 लाख रुपए दिए जाएंगे।

### द्वारका में ओखा बंदरगाह पर भी हादसा

### जेटी निर्माण स्थल पर गिरी क्रेन, 3 की मौत

**द्वारका।** गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में एक दिल दहलाने वाली घटना देखने को मिली है। यहां ओखा बंदरगाह पर एक जेटी निर्माण स्थल पर बुधवार को क्रेन गिरने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी है। जिलाधिकारी जीटी पंड्या ने इस मामले पर बताया कि ओखा बंदरगाह पर जेटी का निर्माण गुजरात समुद्र बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। ओखा मरीन पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि क्रेन से कुचलकर दो श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य श्रमिक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। बता दें कि इस घटना के बाद ओखा जेटी पर कोस्ट गार्ड, पुलिसकर्मियों और फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा बचाव अभियान चलाया गया।

सांसद कुमारी सैलजा ने कुछ ट्रेनों का विस्तार सिरसा बढ़ाने के लिए रेल मंत्री को लिखा पत्र

# महाकुंभ पर कालिंदी एक्सप्रेस का विस्तार भिवानी से सिरसा तक किया जाए: सैलजा

▶▶| नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि प्रयागराज से भिवानी तक आने वाली कालिंदी एक्सप्रेस का विस्तार सिरसा तक किया जाए ताकि इसके हजारों श्रद्धालु, साधु-संत प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में स्नान का धर्मलाभ उठा सकें। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर मांग की कि सिरसा के पार्क और ग्रीन बैल्ट के रखरखाव की जिम्मेदारी किसी एक विभाग की तय करते हुए जीर्णोद्धार के लिए धनराशि जारी की जाए।

मीडिया को जारी बयान में सैलजा ने कहा है कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में लोगों द्वारा कुछ ट्रेनों को सिरसा तक संचालित किए जाने को लेकर मांग उठाई गई है जिन्हें वे आपके संज्ञान में लाना चाहती हैं। गाड़ी संख्या नंबर 14117 व 14118 कालिंदी एक्सप्रेस जो कि प्रयागराज से भिवानी तक आती है उसे सिरसा के लिए आसानी से बढ़ाया जा सकता है। इस समय प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी 2025 को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ होगी, जो कि 26 फरवरी 2025 यानि महाशिवरात्रि तक रहेगा। इस क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु, साधु-संत इसका धर्मलाभ उठा सकेंगे। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ को देखते हुए इस ट्रेन का विस्तार जल्द से जल्द भिवानी से सिरसा तक किया जाए। साथ ही उन्होंने अनुरोध किया है कि नई दिल्ली से सिरसा वाया महम रोहतक हांसी हिसार व सिरसा तक नई इंटरसिटी गाड़ी को चलवाया जाए, 14891/14892 गाड़ी जो की जोधपुर से हिसार तक आती है उसे सिरसा तक आसानी से बढ़ाया जा सकता है।

### पार्कों व ग्रीन बेल्ट को विकसित करें

सैलजा ने सैनी से अनुरोध किया कि सिरसा नगर में करोड़ों की राशि खर्च कर टाउन पार्क, भादरा पार्क और ग्रीन बेल्ट को विकसित किया गया था। इन पार्कों के रखरखाव की जिम्मेदारी से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर परिषद सिरसा दोनों ही पल्ला झाड़ रहे हैं। इनके रखरखाव की जिम्मेदारी किसी एक विभाग की तय हो और धनराशि जारी कर इनका जीर्णोद्धार कराएं।

# अब एक क्लिक पर मिलेगी गणतंत्र दिवस बीटिंग द रिट्रीट, स्वतंत्रता दिवस की जानकारी

### सुशासन दिवस पर 'राष्ट्रपर्व वेबसाइट', 'मोबाइल ऐप' का शुभारंभ

▶▶| नई दिल्ली

देशभर में आम लोगों तक अब गणतंत्र दिवस, बीटिंग द रिट्रीट और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों की जानकारी इंटरनेट पर एक छोटी सी क्लिक पर उपलब्ध हो जाएगी। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने रक्षा मंत्रालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती यानी सुशासन दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में इसे लेकर एक पूर्ण समर्पित वेबसाइट और मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। इसके जरिए इन सभी राष्ट्रीय आयोजनों से जुड़ी जानकारी, सीधा प्रसारण, टिकटों की खरीद, समारोह स्थान पर बैठने की व्यवस्था और कार्यक्रमों का रूट-मैप की जानकारी हासिल की जा सकेगी। मंत्रालय ने वेबसाइट भी लॉन्च की है।

### राज्यों ने दिया मंत्रालय को सुझाव

*रक्षा सचिव ने कहा कि इस वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन को राज्यों और गणतंत्र दिवस समारोह के दर्शकों से मिले परामर्श के तहत तैयार किया गया है। इसमें झांकी के प्रस्तावों और कार्यक्रमों से संबंधित ऐतिहासिक डेटा के प्रबंधन की व्यवस्था है। दोनों प्लेटफार्म पर राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, मंत्रालयों और विभागों को 26 जनवरी के समारोह के लिए झांकियों को डिजाइन करने और उन्हें अंतिम रूप देने में सुविधा प्रदान करने के लिए एक झांकी प्रबंधन पोर्टल भी होगा। राज्यों ने एक पोर्टल बनाने का सुझाव दिया था। 26 जनवरी के दर्शकों ने मंत्रालय से कहा था कि उनके पास कार्यक्रम, परेड और झांकी की जानकारी हो। रक्षा सचिव इस पहल को खुलेपन, पारदर्शिता और नागरिक केंद्रित शासन की दिशा में लिया गया एक आगे का कदम कहते हुए वाजपेयी को एक सच्ची श्रद्धांजलि बताया।*

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों से मिली यह जानकारी

# लड़कियों में जगी उच्च शिक्षा की ललक, दस साल में 2.18 करोड़ ने किया कॉलेज का रुख

▶▶| नई दिल्ली

देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था से सरकारें चुनने के चलन की वजह से राजनीतिक दलों के बीच प्रतिस्पर्धा आम बात है। चुनावी समर में दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी खूब सुनाई पड़ते हैं। लेकिन अगर मामला महिलाओं की आधी आबादी में तेजी से बढ़ते उच्च शिक्षा के रूझान का हो तो उसकी चर्चा होना लाजमी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसकी शुरुआत करते हुए बताया है कि बीते दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की केंद्र सरकार में कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और उच्च-शिक्षा के बाकी संस्थानों में महिलाओं की नामांकन दर में काफी इजाफा देखने को मिला है। आंकड़ों में यह संख्या 38.4 फीसदी के साथ 2.18 करोड़ पर जा पहुंची है। इसमें स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स) क्षेत्र में बढ़ता महिलाओं का 23 फीसदी योगदान भी शामिल है। मंत्रालय ने यह तुलना 2014 से पहले तक केंद्र की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस नीत संप्रग सरकार से की है। उनके लगभग समान अवधि के शासन में उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए नामांकन कराने वाली महिलाओं की संख्या 1.57 करोड़ थी।

### नामांकन के साथ बढ़े कॉलेज, विश्वविद्यालय

उच्च-शिक्षण संस्थानों में लड़के, लड़कियों की नामांकन दर में इजाफे के साथ कॉलेज और विश्वविद्यालयों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2014-15 तक के 51 हजार 534 के मुकाबले वर्ष 2022-23 में बढ़कर यह 58 हजार 643 पर जा पहुंची है। दस साल के दौरान हुआ यह 13.8 फीसदी का इजाफा है। इसी तरह से समान अवधि में कॉलेजों की संख्या 38 हजार 498 से बढ़कर 46 हजार 624 हो गई। जबकि विश्वविद्यालयों की संख्या 760 से बढ़कर 1 हजार 213 पर पहुंच गई। मंत्रालय इसे एक दशक में विश्वविद्यालयों की संख्या में हुई 59.6 फीसदी और कॉलेजों की संख्या में हुई 21.1 फीसदी की बढ़ोतरी मानता है।

### क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में भारत के 46 संस्थान

क्यूएस की प्रतिष्ठित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत के 46 उच्च शिक्षण संस्थान शामिल हुए हैं। वर्ष 2015 में इनकी संख्या मात्र 11 पर थी। लेकिन दस साल में यह बढ़कर 46 हो गई है। शिक्षा मंत्रालय इसे 10 साल में हुई 318 फीसदी की वृद्धि करार देता है। भारतीय संस्थानों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-बी) बॉम्बे शीर्ष पर है और उसने लगातार अपनी रैंकिंग में सराहनीय रूप से सुधार किया है। क्यूएस की पिछली रैंकिंग में इसे 149 स्थान मिला था। जबकि ताजा रैंकिंग में यह 118 वें स्थान पर जा पहुंचा।

### 4.46 करोड़ पर पहुंचा कुल नामांकन

मंत्रालय की जानकारी के मुताबिक, 2014-15 से गुजरे एक दशक यानी 2022-23 तक उच्च शिक्षण संस्थानों में लड़के और लड़कियों के नामांकन का कुल आंकड़ा 30.5 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 4.46 करोड़ पर जा पहुंचा है। जबकि 2014 से पहले यह 3.42 करोड़ पर था।

### 42 केंद्रीय वित्त पोषित संस्थान बने

मौजूदा सरकार के कार्यकाल के दस वर्षों में केंद्र द्वारा वित्तपोषित 42 नए उच्च शिक्षण संस्थान खोले गए हैं। इनमें 8 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 7 आईआईटी, 8 आईआईएम, 2 आयसर और आईआईएससी, 1 एनआईटी और आईआईईएसटी और 16 ट्रिपल आईटी शामिल हैं। उच्च शिक्षा लेने के बाद सरकार में 52 हजार 482 उम्मीदवारों को नौकरी प्रदान की गई है। कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों में यह आंकड़ा 23 हजार 463 पर था। इसलिए अब इसे मंत्रालय रोजगार के मामले में हुई दोगुनी वृद्धि बता रहा है।

### 6 रिसर्च पार्क बने, 13 और बनाएंगे

2014 से पहले आईआईटी मद्रास में स्थापित किए गए रिसर्च पार्क की तुलना में राजग सरकार में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 6 नए रिसर्च पार्क बनाए। इनमें आईआईटी दिल्ली, कानपुर, गुवाहाटी, हैदराबाद, गांधीनगर और आईआईएससी बेंगलुरु में क्रमश: एक-एक रिसर्च पार्क स्थापित किया गया। इसके अलावा भविष्य में 13 और रिसर्च पार्क स्थापित किए जाने की योजना है। यह आईआईटी भुवनेश्वर, रुड़की, बीएचयू, धनबाद, रोपड़, जोधपुर, पटना, इंदौर, पलक्कड़, तिरुपति, धारवाड़, जम्मू और भिलाई में बनाए जाएंगे।

# Thallapelli Durga Prasad's Doctorate in Social Work

▶ The award was hosted by Iconic Peace and Archives New Delhi



Warangal, 25 December :In recognition of the social services done under the auspices of e69News, Iconic Peace and Archivists, New Delhi institute recognized the social service in various forms and awarded him doctorate. These awards were given to 27 people across the country. As a part of this, three doctors from Telangana got the rates. On this occasion Thallapelli Durga Prasad from Jayagiri village of Hasan Parthi mandal of Hanmakonda district was awarded an honorary doctorate by the hands of Bishnu Prasad Chair Person. Later, Durga Prasad said that in this 69 news channel, in the capacity of Vice Chairman, he has organized many programs for the poor people with a social perspective. Poor Badugu stated that he had organized the program to sensitize the people and increase their economic self-reliance for the upliftment of the weaker sections. With this honor, he expressed confidence that he will coordinate more service programs in the future with the cooperation of authorities and voluntary organizations.

# Success is possible only with continuous effort

▶ Amrin is selected for national boxing competitions

▶ Khelo India Senior Boxing Coach Devarakonda Prabhudas

▶ DYSO Ashok Kumar should excel at international level



Warangal, 25 December : In a remarkable achievement, Amrin, a young boxer from Etraturthi, Hanumakonda district, has been selected for the National Boxing Under-14 Competition.The announcement was made on Tuesday, following her exceptional performance in the South Zone State Level Boxing Competition held on December 20-21 in Hyderabad Shake Pate. Amrin secured the gold medal, showcasing her talent and determination.Hanumakonda DYSO Ashok Kumar congratulated Amrin on her success, encouraging her to aim for excellence on the international stage. Another budding talent, Bhargav, won the silver medal and earned a spot in the South Zone Sub-Junior Competitions scheduled for January 10, 12. Khelo India Senior Boxing Coach Devarakonda Prabhudas, who has been instrumental in training these young athletes, emphasized the importance of rigorous daily training and strength-building exercises. He expressed optimism about the future of boxing in Hanumakonda district, highlighting the potential to produce athletes who can excel at state, national, and international levels.This milestone reflects the power of dedication and continuous effort, inspiring young athletes to strive for success in the world of sports.

# The Vice President met with the farmers on organic farming methods

▶ Vice President Jagdeep Dhankar participated in the Organic Farming Association



Medak, December 25 Pragati Express : Vice President Jagdeep Dankar and his wife Dr. Sudhesi Dankar, Governor Vishnudev Varma, Joint Medak District In-charge Minister Konda Surekha, Medak MP Raghunandan Rao participated in Krishi Science Center on Wednesday when they reached Science Center in Tuniki Krishi, Medak District Kaudipalli Mandal.

65 farmer families in Medak district want to create history in the country by undertaking organic farming. He said that all of them should come as my guests in Delhi for three days. This town is not a small village, it is my guide, farmers who have done organic farming in Medak district, Gram Panchayat members, my special guests, I will host them in Delhi.

He said that Prime Minister Modi is working with the slogan of Lal Baddu Shastri Jai Jawan Jai Kisan Jai Vigyan and Vajpayee Jai Jawan Jai Kisan Jai Vigyan Jayam Sandana for the development of rural economy.

In 2001, Prime Minister Vajpayee then declared Kisan Day as India was going to be the third largest economy in the world in the near future. He said that more than 730 parrots working science centers in the country, more than 150 parrots, icon issues should participate in these celebrations.In order to utilize the natural resources of energy as needed, in the rural system, the fruits and vegetables grown in their villages are arranged as a unit and kept there.

Only then will the village system improve financially. There are 10 crore farmers in the country. It should be ensured that the farmers get the welfare benefits provided by the government. He said that every Indian should have faith in nationalism to create awareness. State Governor Jishnu Dev Varma said that it is a pleasure to participate. He said that the farmers are taking steps towards organic cultivation and reducing the use of chemicals gradually. He congratulated Ekalavya KVK organization for providing excellent support in this direction. He said that there is a need to work hard to spread more organic cultivation in the coming days.

43,337 male and 16,937 female farmers are members of KVK, Goppa Vijaya said. Wide publicity should be given to encourage organic farming. He reminded that KVK organization was formed to provide emergency inputs in organic agriculture and a lot has changed in ten years.

# Christmas celebrations



Jagtial District, Korutla Division : Today Wednesday 25/12/2024 Jesus Christ Believers Church Nagulapet Road (Sangem Road) Korutla Christmas celebrations were held with great grandeur. children Entertained with game songs.Pastor Yes Surender celebrated the birth of Jesus and preached that God sent his son Jesus as the savior of the world to forgive the sins of mankind and then cut the Christmas cake. Kondukuri Surender, Dunka Anjaiah, Konkanta Karunakar, Nerela Nischar, Tanniru Ragaraju, Bathula Johnson, Ankamma Rao, Pudami Saikumar, Sadula Satyamurthy and Sunday School Teacher Zilla Sushmita were among others.

-Pastor Ys. Surender
JCBC. Korutla

# Leaders of Bhadradri Banjara visited Lakawat Tarya suffering from neuro (brain) problem



Bhadradri Kothagudem Bureau : Bhadradri Kothagudem district vigilance committee member Lakawat Venkateswarlu, whose father, Lakawat Tarya, who was suffering from neuro (brain) problem for the last few days, was in bed-sick in Anjanapuram village of Burgampadu mandal. Leaders of Bhadradri Banjara Seva Sangam visited today. On this occasion, they have given their family courage and assured that they will stand by this family. Badawat Govindu TST WTU State Working President Bhanot Krishna Gurukulam was among those who visited. Cell Employees Association State General Secretary Badawat Bansilal Retired Employees Association District General Secretary Bhukya Tarachand NCC Officer and others were present.

# SCS Charitable Trust which provided financial assistance to mentally challenged women



Hyderabad:- December 25; SCS to provide assistance to the mentally retarded. The Charitable Trust has come for-ward once again.Sheela, the 12-year-old daughter of Devi and Baburao of Bathukamma Kunta, Amber Peta, was mentally disabled the year she was born. Since then, Mother Devi has been waiting for Apanna's hand while taking care of her daughter. Unable to undergo expensive treatment, she waits for help from donors. Amberpet D.D. Mantu, Miriyala Ramesh and Suresh Goud on behalf of Bharti Chandrasekhar SCS Charitable Trust from the colony gave a check of 12 thousand rupees.

# Christmas services were held in grandeur : DRO Padmaja Rani participated in the celebrations



Sangareddy District December 25 : Christmas celebrations were held with grandeur to celebrate the birthday of Lord Jesus at Rath Church in Pothireddy Pally Square.These special festivals are attended by hundreds of devotees to glorify God. People were happy to see the mandir beautifully decorated with colorful art and Christmas decorations. DRO of Sangareddy district, representatives of Padmajarani Congress, Topaji Anantha Kishan and others came as chief guests for this program and conveyed special wishes to the community which was very successful. In a statement, Pastor Esu Paul said that the community will prepare for the end of the year prayers apart from the celebration.

CHILKALGUDA PS EAST ZONE HYDERABAD CITY 9 TWO WHEELER BIKES RECOVERED ALL WORTH RS 4,00,000/-



## महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** जाट समुदाय से जुड़ी संस्थाओं ने महाराज सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया। जिसमें विभिन्न संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य भी शामिल हुए। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन भी किया गया। राष्ट्रीय जाट एकता मंच के अध्यक्ष कुलदीप जांघू ने बताया कि पालम विहार क्षेत्र में महाराजा सूरजमल को श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि बलिदान का दूसरा नाम महाराजा सूरजमल है। इसी प्रकार दिल्ली में महाराजा सूरजमल हेरिटेज कल्चरल एंड एजूकेशनल सोसायटी व सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था द्वारा भी राजधानी दिल्ली में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें गुडग़ांव से भी समाज के लोग इन कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। 25 दिसम्बर को ही शहादरा में महाराजा सूरजमल का बलिदान हुआ था। उनकी स्मृति में ही हवन-यज्ञ का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। कुलदीप जांघू ने बताया कि हिदू धर्म रक्षक के नाम से महाराजा सूरजमल को विशेष रुप से पहचाना जाता है। उन्होंने वर्ष 1733 में भरतपुर की स्थापना की थी और बाद में अपनी रियासत का विस्तार दिल्ली, आगरा, मेरठ, बुलंदशहर तक किया था। उन्होंने दिल्ली सल्तनत से सीधी टक्कर ली थी। उन्होंने कहा कि जब भी राजा-महाराजाओं का जिक्र होता है तो सबसे पहले महाराजा सूरजमल का नाम आगे आता है। सबके हितों की रक्षा करने व उनके परोपकार की बात केवल महाराजा सूरजमल करते थे। उन्होंने दुश्मनों को भी हराने के बाद मानवता के आधार पर दया याचना में कोई कसर नहीं छोड़ी। महाराजा सूरजमल को श्रदांजलि देने वालों में संस्था के रणबीर चहल, जोगिंदर राज्यान, कुलदीप जून, जसबीर दलाल, रामबीर, जोगिंदर खरमान, राकेश धनखड़, विनोद यादव, नरेश मोर, विनय मलिक, नवीन दलाल, राजकुमार आदि शामिल रहे।

## डा. राजेंद्र प्रसाद फाउण्डेशन ने भी वाजपेयी जी व मालवीय जी को उनकी जयंती पर किया याद



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** साईबर सिटी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व समाजसुधारक मदनमोहन मालवीय की जयंती मनाने का सिलसिला जारी रहा। सामाजिक संस्था डा. राजेंद्र प्रसाद फाउण्डेशन ने भी राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था से जुड़े सदस्य शामिल हुए। संस्था के अध्यक्ष राजेश पटेल ने वाजपेयी व मालवीय से जुड़े संस्मरण भी साझा किए और कहा कि वाजपेयी जी पक्ष और विपक्ष में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं करते थे। वह दिल के बड़े साफथे और उनकी स्वच्छ छवि थी। इसलिए सभी राजनैतिक दल उनको पूरा मान-सम्मान देते थे। उनका प्रधानमंत्रित्व काल भी बड़ा सराहनीय रहा। वह एक अच्छे कवि भी थे। उन्होंने कहा कि पंडित मदनमोहन मालवीय को एक समाज सुधारक के रुप में जाना जाता है। स्वतंत्रता आंदोलन में भी उनका बड़ा योगदान रहा था। उन्होंने कई शिक्षण संस्थाओं की स्थापना भी की थी, जो आज भी चल रही हैं। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि वे वाजपेयी जी व मालवीय जी के दिखाए रास्ते पर चलें, ताकि देश विश्वगुरु बन सके। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में संस्था के शुभम सिंह, गगन ठाकुर, गौरवमणी त्रिपाठी, दीपक सिंह, तारकेश्वर राय, आलोक उपाध्याय, राहुल व पराग आदि शामिल रहे।

## वेद प्रचार एवं वेद भाष्य ग्रंथ वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा आज

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** वेदों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ आज वीरवार को वेद प्रचार एवं वेद भाष्य ग्रंथ वितरण कार्यक्रम का आयोजन सैक्टर 17 स्थित बिल्स बैंक्वेट हाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शामिल होंगे। विहिप के राष्ट्रीय सह आयाम प्रमुख (संस्कृत) डॉ. दिनेश शास्त्री ने बताया कि पद्मभूषण महामहोपाध्याय महर्षि श्रीपाद दामोदर सातवलेकर द्वारा चारों वेदों का सर्वाधिक प्रामाणिक हिंदी भाषा में रूपांतरण किया गया है। विश्व हिंदू परिषद ने वेदों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प के साथ चारों वेदों का सरल हिंदी भाषा में प्रकाशन करवाया गया है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय संत समिति के निदेशक और महामण्डलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज, स्वामी चिदानन्द सरस्वती विशिष्ठ अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि श्री विरजानन्द ट्रस्ट वेद मंदिर मथुरा के अध्यक्ष आचार्य स्वदेश के साथ-साथ अशोक सिंघल वैदिक शोध संस्थान के निदेशक प्रो. स. सुदर्शन शर्मा प्रमुख वक्ता के रूप में रहेंगे। आयोजन को सफल बनाने में गुरुग्राम होल डेवलपर्स एसोसिएशन के संरक्षक दिनेश नागपाल और गुरुग्राम होल डेवलपर्स एसोसिएशन और ग्रीन बुड सिटी के अध्यक्ष नरेंद्र यादव की टीम जुटी हुई है।

## स्वामी देवेंद्रानंद गिरि महाराज का हुआ आगमन



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व निरंजिनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रानंद गिरि महाराज ओल्ड रेलवे रोड स्थित सिद्धयोग मठ में पधारे। सिद्धयोग मठ के पीठाधीश्वर अघोराचार्य बालयोगी अलखनाथ अवधूत का कहना है कि उनके साथ संत महंत स्वामी प्रेमानंद व अन्य ब्रह्मचारी भी आए थे। उनके आने की सूचना पाकर मठ से जुड़े श्रद्धालु उनके दर्शनों के लिए उमड़ पड़े और सभी ने उनके चरण कमल पखारकर उनका आशीर्वाद भी लिया। स्वामी देवेंद्रानंद गिरि महाराज ने देश व प्रदेश के हालात व धार्मिकता से जुड़े कई मुद्दों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर मठ के स्वयंसेवक सुदीप महतो सहित कई साधक भी मौजूद रहे।

## ऑल इंडिया सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ताराचंद सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से की मुलाकात



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम।** ऑल इंडिया सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ताराचंद सैनी ने सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से की मुलाकात की।

# जनता को सरल तरीके से दिया जा रहा सरकार की ई-गवर्नेंस सेवाओं का लाभ- उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का ज्यादा से ज्यादा लोगों को ऑनलाइन तरीके से लाभ दिया जा रहा है, जिससे काफी बड़े स्तर पर प्रदेश में भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगी है। सरकार का प्रयास है कि ई-गवर्नेंस के माध्यम से लोगों को जल्द व सरल तरीके से सरकार की योजनाओं को लाभ दिया जाए। राव नरबीर सिंह बुधवार को जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंत्री ने अपने संबोधन में सभी को सुशासन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी व मदन मोहन मालवीय का जन्म दिवस है, जिसे सरकार ने वर्ष 2014 में सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अटल जी की सुशासन की परिकल्पना को सही मायने में चरितार्थ किया जा रहा है। बड़े विभागों में कर्मचारियों की आनलाइन ट्रांसफर नीति सुशासन व्यवस्था का बेहतर उदाहरण है। आज घर बैठे लोगों को अटल सेवा केंद्रों व गांवों के नागरिक सेवा केंद्रों से सरकारी सेवाओं का लाभ मिल रहा है। आज अमेरिका से लेकर विश्व का हर छोटा-बड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरहाना कर रहा है। प्रदेश में किसानों की 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लिया गया है। पराली जलाने को कम करने के लिए किसानों को प्रति एकड़ 1500 रुपये और रेड जोन से ग्रीन जोन बनने वाली पंचायतों को 1.5 लाख रुपये की वार्षिक प्रोत्साहन राशि देने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में युवाओं को पारदर्शी आधार पर मेरिट आधार पर बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरी देकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक मिसाल पेश की है। नए मंत्रीमंडल के गठन के साथ ही 24 हजार युवाओं को बिना खर्ची बिना पर्ची के ग्रुप-सी की पक्की सरकारी नौकरियां दी गई। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया गया है। हरियाणा की कैबिनेट में भी दो युवा महिलाओं को जगह दी गई है, इतना ही नहीं प्रदेश की राज्यसभा की 5 सीटों में से पहली बार दो महिलाओं को राज्यसभा में भेजा गया है। पंचायती राज संस्थाओं और नगरपालिकाओं में ओबीसी-बी श्रेणी को 5 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। हर पंचायत को 25 लाख रुपये तक की खेल प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। ओलंपिक, एशियार्ड, राष्ट्रमंडल व अन्य विश्व स्तरीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में हरियाणा के खिलाड़ी मेडल लाकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पिछड़े वर्गों के लिए क्रीमीलेयर की वार्षिक आय सीमा 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये की है। सरकार का छोटी पिछड़े समाज



की जातियों (36 बिरादरियों) के कल्याण के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग कल्याण बोर्ड बनाने का संकल्प लिया है। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण पठन सामग्री पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए अधिक से अधिक मोबाइल लाइब्रेरी बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत हर परिवार को 10 लाख रुपये की मुफ्त इलाज सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी आय वर्ग का हो, के लिए 5 लाख रुपये की मुफ्त इलाज सुविधा प्रदान करने की घोषणा की है। यह हरियाणा में भी सरकार ने लागू करने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा के हर गांव और शहर में स्वास्थ्य और मोटरबाइक एम्बुलेंस सेवाओं का विस्तार करने का संकल्प लिया है। दिव्यांग महिला कर्मचारियों को चाइल्ड केयर के लिए 1500 रुपये प्रति बच्चा विशेष भत्ते का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने बीमा सखी योजना की शुरुआत ऐतिहासिक नगरी पानीपत से 9 दिसंबर 2024 को की है। बीमा सखी योजना के तहत 3 सालों में 2 लाख बीमा सखी बनाने का लक्ष्य रहेगा। सरकार का प्रयास है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास उपलब्ध करवाए जाएं। सरकार का हिसार में औद्योगिक क्लस्टर स्थापित करने का संकल्प है तथा हिसार हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय कार्गो हब के रूप में विस्तारित किया जाएगा। हिसार में सिरेमिक वस्तुओं के विनिर्माण, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देने, एक सिरेमिक पार्क स्थापित करने, अमरूद के लिए अत्याधुनिक प्रसंस्करण और पैकेजिंग प्लांट एवं मंडी स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही हिसार में 800 मेगावाट का नया थर्मल पावर स्टेशन भी स्थापित किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर मंत्री का स्वागत किया तथा जिला प्रशासन द्वारा प्रतिदिन लोगों के हित कार्यों में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस को सार्थक बनाने के लिए जिला प्रशासन के सभी विभाग मिलकर तालमेल से कार्य करेंगे तथा सरकार की योजनओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्य करेंगे। मंत्री ने सुशासन दिवस पर जिला स्तरीय तीन अवार्ड दिए, जिसमें निपुण योजना में सराहनीय कार्य करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल, बीईओ गीता कुमारी, एफएलएन कॉर्डिनेटर कुसुम मलिक को प्रथम पुरस्कार के रूप में 31 हजार रुपए, प्रशस्ति पत्र व शील्ड, नूंह में पेयजल आपूर्ति के लिए बेहतर कार्य करने, फ्लो मीटर लगाने संबंधी सराहनीय कार्य करने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन प्रदीप कुमार को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपए, प्रशस्ति पत्र व शील्ड दी गई। लोकसभा व विधानसभा आम चुनाव में बेहतर कार्य करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय के नायब तहसीलदार चुनाव राजेंद्र हुड्डढा व उनके कार्यालय की टीम को तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपए, प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान की गई। इस अवसर पर सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, वक्फबोर्ड प्रशासक जाकिर हुसैन, जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद, पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, सहायक पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह, जिला नगर आयुक्त सुशील मलिक, सीईओ अमित कुमार, जीएम रोडवेज एकता चोपड़ा, एसडीएम पुन्हाना संजय कुमार, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा.चिनार चहल, एसडीएम नूंह प्रदीप अहलावत, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, डिप्टी सीईओ एमडीए लक्ष्मीनारायण, नगराधीश अशोक कुमार, सचिव आरटीए मुनीष सहगल, सिविल सर्जन नूंह डा. सर्वजीत सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, जिला नगरपरिषद चेयरमैन संजय मनोचा, गौ सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन भानीराम मंगला, जाहिद हुसैन, आलम मुंडल, जसवंत गोयल, गंगादान, आजाद मोहम्मद, जीएस मलिक, डा. सुरेश बघेल, योगेश तंवर, नरेंद्र शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

# गांव रवां में गिरे पहाड़ के मामले में होगी उचित कार्यवाही– उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि फिरोजपुर झिरका क्षेत्र के गांव रवां में गिरे पहाड़ के मामले में सरकार व जिला प्रशासन की ओर से उचित कार्यवाही की जा रही है। इस घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आगामी कार्यवाही करने व घटना से संबंधित सही तथ्य जुटाने के लिए सेटेलाइट से तस्वीरें ली जा रही हैं। यह मामला दो राज्यों से जुड़ा हुआ है और इस मामले में दोनों ही राज्य जरूरी कार्य करने के लिए कार्य कर रहे हैं। राव नरबीर सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी संबंधित विभागों को पहले ही उचित कार्यवाही के निर्देश दिए जा चुके हैं। सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित



कार्यवाही के लिए तथ्य जुटा रहे हैं। इस घटना की गहराई से जांच की जाएगी और दोषी लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। दोनों राज्यों में इस घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने भी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें रूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नूंह जिला के युवाओं के लिए सरकार अलग से योजना बनाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि वे नूंह जिला में औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करने के लिए बेहतर योजना बनाएं, ताकि यहां के युवाओं को उद्योगों में रोजगार मिले और उन्हें आमदनी प्राप्त करने के साधन आसानी से प्राप्त हों। नूंह जिला में जंगल सफारी विकसित करने के लिए भी वे प्रयासरत हैं और भविष्य में इस दिशा में संबंधित विभागों के साथ बैठक कर इस योजना के क्रियान्वयन की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार सुशासन दिवस मना रही है। सरकार का प्रयास है कि अधिकारी व कर्मचारी सही नियत व ईमानदारी से जनता के हित के कार्यों को करें, ताकि सभी लोगों को सुशासन का आभास हो और सरकारी तंत्र पर उनका विश्वास और बढ़े। जो अधिकारी बेवजह फाइलों को रोकते हैं, उन्हें खिलाफ भी प्रदेश सरकार कार्यवाही करने से पीछे नहीं हटेगी, इसलिए अधिकारी, कर्मचारी अपनी कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाएं। इस अवसर पर सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, वक्फ बोर्ड प्रशासक जाकिर हुसैन, जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, आजाद मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

## पंडित मदनमोहन मालवीय जाने-जाते हैं एक समाजसुधारक के रुप म

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** महान स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ और शिक्षाविद व समाजसुधारक मदनमोहन मालवीय की जयंती पर साईबर सिटी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने मदनमोहन मालवीय को उनकी जयंती पर याद करते हुए कहा कि हिन्दू राष्ट्रवाद के समर्थक मदन मोहन मालवीय देश से जातिगत बेडिय़ों को तोडऩा चाहते थे। उन्होंने दलितों के मन्दिरों में प्रवेश निषेध की बुराई के खिलाफ़ आंदोलन चलाया था। उनका जन्म 25 दिसम्बर, 1861 को मालवा क्षेत्र में हुआ था। इसलिए वह मालवीय कहलाए। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर अध्यापन कार्य भी किया। वकालत का व्यवसाय अपनाकर उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत भी की। हिंदुस्तान इंडियन यूनियन व अभ्युदय समाचार पत्रों का संपादन भी किया। धार्मिक व सामाजिक विषयों पर उनका आर्य समाज से मतभेद था। वह समस्त कर्मकाण्ड, रीतिरिवाज, मूर्तिपूजन आदि को हिन्दू धर्म का मौलिक अंग मानते थे। जबकि आर्य समाज मूर्ति पूजा का घोर विरोधी था। उन्होंने कहा कि महामना मालवीय अपने युग के प्रधान नेताओं में से थे, जिन्होंने हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान को सर्वोच्च स्थान पर प्रस्थापित कराया। उन्होंने सनातन धर्म तथा संस्कारों के पालन के लिए प्रयाग हिंदू सभा की स्थापना भी की थी। उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम व सामाजिक उत्थान के लिए बड़े कार्य किए थे। उनके नाम पर आज भी देश के विभिन्न प्रदेशों में शिक्षण संस्थाएं सुचारु रुप से चल रही हैं। वह आजीवन देश सेवा में लगे रहे और 12 नवम्बर 1946 को इलाहाबाद में उनका निधन हो गया था। वक्ताओं ने युवाओं से आग्रह किया कि वे महामना मालवीय के दिखाए रास्ते पर चलें, ताकि देश व समाज हर क्षेत्र में उन्नति कर सके।

## प्रशांत मदान बने एचएमआरए के जिलाध्यक्ष

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** हरियाणा दवा प्रतिनिधि संघ गुडगांव इकाई (एचएमआरए) के वार्षिक चुनाव संघ के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित कार्यालय में संपन्न हो गए। प्रतिनिधि संघ से जुड़े सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए और उन्होंने सर्वसम्मति से प्रशांत मदान को जिलाध्यक्ष, चंदन उपाध्यक्ष, जयपाल छोंकर सचिव, विशाल खजांची, अमित को सह सचिव चुना। प्रशांत मदान ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे संस्था का सहयोग



करें, उनकी हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। संस्था से जुड़े कई मुद्दों पर भी खुलकर चर्चा की गई। प्रशांत मदान ने संस्था के सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनके हितों की रक्षा के लिए संस्था वह सब करेगी, जो जरुरी है।

## साईबर सिटी में लोगों ने बड़ी संख्या में किया तुलसी का पूजन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** हिंदू धर्म में तुलसी पूजन की परंपरा पौराणिक काल से चली आ रही है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से देश में 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। इस प्रथा की शुरुआत वर्ष 2014 से हुई और इस दौरान देश के आसाराम बापू जैसे कई संतों ने तुलसी पूजा के महत्व की विस्तृत जानकारी भी दी थी। तभी से 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन दिवस के रुप में मनाया जाने लगा। ऐसी मान्यता है कि तुलसी के पौधे के पास किसी भी मंत्र-स्लोक आदि का पाठ करने से उसका अनंत गुना अधिक फल मिलता है। भूत, प्रेत, पिशाच, ब्रह्मराक्षस, दैत्य आदि सब तुलसी के पौधे से दूर भागते हैं, बुरे विचारों का नाश होता है। सामाजिक संस्था जन जागरण मंच के अध्यक्ष हरी शंकर कुमार का कहना है कि पद्मपुराण में उल्लेख है कि तुलसी पत्ते से टपकता हुआ जल यदि मनुष्य अपने सिर पर लगाता है तो इतना करने भर से उस मनुष्य को गंगास्नान और 10 गोदान का फल मिल जाता है। तुलसी पूजन से रोग नष्ट हो जाते हैं और अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त होता है। तुलसी पूजन, तुलसी रोपण व तुलसी धारण से पाप नष्ट होते हैं और मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं। तुलसी के नाम उच्चारण मात्र से ही पुण्य की प्राप्ति होती है, मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। संस्था द्वारा गुडग़ांव, बादशाहपुर, मारुति कुंज व शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन बड़े स्तर पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े कार्यकर्ताओं व साधकों ने भाग लिया। जरुरतमंद लोगों को गर्म कपड़े आदि भी वितरित किए गए। विशाल भण्डारों का आयोजन भी हुआ, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

# प्रदेश सरकार की पहल-सप्ताह के पांचों कार्यदिवसों में हो रहा जनता की समस्याओं का समाधान- उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह

### जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 8 शिकायतों का मौके पर ही हुआ निवारण

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि आमजन तक आसान तरीके से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का प्रयास है कि सप्ताह में पांचों कार्यदिवसों में जनता की समस्याओं का समाधान किया जाए। सभी अधिकारी, कर्मचारी ईमानदारी व तत्परता से जनहित के कार्यों को करें। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की उनके कार्यों के प्रति जवाबदेही तय की गई है, इसमें लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। राव नरबीर सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्टड्ढ निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस बैठक में कुल 15 परिवाद रखे गए थे, जिनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही निवारण कर दिया गया तथा शेष शिकायतों पर जरूरी कार्यवाही करने लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लघु सचिवालय में प्रातरू 10 से 12 बजे तक लगने वाले समाधान शिविर में भी शेष शिकायतों का निवारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को प्रतिदिन लगने वाले समाधान शिविर में पहुंचना चाहिए, क्योंकि शिकायतों का निवारण जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा ही किया जाना है तथा सभी अधिकारी इस समाधान शिविर में मौजूद रहते हैं।बैठक में गांव निवासी संगेल निवासी मैमन पत्नी मुश्ताक की शिकायत थी कि शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय कन्या मिडल स्कूल संगेल को राजकीय मिडल स्कूल संगेल में मर्ज करने पर उसे मिड-डे-



मील कार्यकर्ता के पद से हटा दिया गया है, जिस पर मंत्री ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता महिला को जल्द से जल्द किसी अन्य नजदीकी स्कूल में मिड-डे-मील कार्यकर्ता के खाली पद पर पुनरू नौकरी पर लगा दिया जाए। इसी प्रकार गांव बिछौर निवासी मुकेश कुमार की शिकायत थी कि उसके पिता रामजीलाल की हत्या करीब 5 साल पहले कर दी गई थी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा उसके पिता का मृत्य प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया गया है और उसकी जमीन पर अन्य लोगों ने कब्जा कर रखा है, इस पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए शिकायतकर्ता के पिता का मृत्यु प्रमाण-पत्र जल्द से जल्द जारी किया जाए तथा पुलिस अधीक्षक उसकी जमीन पर हुए कब्जे को छुड़वाने के लिए जरूरी कार्यवाही करे। एक मामले में नूंह शहर के वार्ड नंबर-3 निवासी हासम, मो. हारून, जमील अहमद व लियाकत हुसैन ने शिकायत दी थी कि गांव अडबर को जाने वाली 11 हजार वोल्ट की बिजली तार की लाइन उनकी कालोनी के ऊपर से गुजर रही है, जिससे उन्हें खतरा होने की संभावना है। इस पर मंत्री ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनकी कालोनी के ऊपर से बिजली तार की लाइन को 31 मार्च 2025 से पहले हटा दिया जाए। इसी प्रकार आईएमटी सोहना व नूंह इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी खटाना ने शिकायत दी थी कि औद्योगिक क्षेत्र रोजकामेव में विभिन्न क्षेत्रों में विकास करवाया जाए, ताकि उनकी समस्याएं दूर हों। इस पर मंत्री ने कहा कि नूंह जिला में सभी क्षेत्रों में पूर्ण विकास पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिला प्रशासन द्वारा एसोसिएशन से संबंधित सभी समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए। गांव किरा के सरपंच समय सिंह की शिकायत थी कि गांव में लाल डोरा संबंधी रजिस्ट्रियां गलत हुई हैं, जिस पर मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को लाल डोरा संबंधी रजिस्ट्रियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मंत्री का स्वागत किया तथा एजेंडे से संबंधित शिकायतों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, वक्फबोर्ड प्रशासक जाकिर हुसैन, जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद, पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, सहायक पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह, जिला नगर आयुक्त सुशील मलिक, सीईओ अमित कुमार, जीएम रोडवेज एकता चोपड़ा, एसडीएम पुन्हाना संजय कुमार, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा.चिनार चहल, एसडीएम नूंह प्रदीप अहलावत, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, डिप्टी सीईओ एमडीए लक्ष्मीनारायण, नगराधीश अशोक कुमार, सचिव आरटीए मुनीष सहगल, सिविल सर्जन नूंह डा. सर्वजीत सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, जिला नगरपरिषद चेयरमैन संजय मनोचा, गौ सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन भानीराम मंगला, जाहिद हुसैन, आलम मुंडल, जसवंत गोयल, गंगादान, आजाद मोहम्मद, जीएस मलिक, डा. सुरेश बघेल, योगेश तंवर, नरेंद्र शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

# जिस दिन हम आम जनमानस द्वारा दिए गए कागज के पीछे की कहानी व दर्द को समझ पाए, तो मान लेना कि हम अपने सुशासन के प्रयास में सफल हो गए - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को जन सेवा के माध्यम से सुशासन का संदेश दिया। उन्होंने सरकारी सेवकों को कहा कि हम जब अंत्योदय की बात करते हैं तो हमें हमारे कार्य में संवेदनशीलता होना चाहिए, जिस भी कुर्सी पर हम बैठे हैं, वह एक मौका हमें ईश्वर ने दिया है कि हम अंत्योदय के उत्थान की सोचें। इसलिए हमेशा ध्यान रखना है कि जब भी कोई व्यक्ति हमारे दफ्तर में आता है, हमसे मिलता है और अपनी समस्या रखता है तो उसे संवेदनशीलता से समझें। उसका दिया हुआ कागज, दरखास्त, वह सिर्फ एक कागज का टुकड़ा नहीं है, बल्कि उसके दर्द का निचोड़ है, इसलिए उस कागज के पीछे की कहानी को समझें और जिस दिन हम उस कहानी को समझ पाए, तो मान लेना हम अपने सुशासन के प्रयास में सफल हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम हरियाणा प्रदेश को ऐसा बनाएंगे, जहां विकास समावेशी होगा, जहां नागरिक को अपनी क्षमताओं को पहचानने और निखारने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने अनेक निर्णय लेकर जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। आज घर बैठे सुविधाओं का लाभ नागरिकों को मिल रहा है, यही सुशासन का सबसे बड़ा मंत्र है।

मुख्यमंत्री बुधवार को सुशासन दिवस के अवसर पर जिला गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

श्री नायब सिंह सैनी ने भारत रत्न से सम्मानित महामना पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन हम सभी के लिए न केवल एक स्मरणीय अवसर है, बल्कि यह अवसर हम सभी को यह प्रेरणा देता है कि हम एक बेहतर और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने विचारों, कर्मों और दूरदर्शिता से भारत को नई दिशा और पहचान दी। उन्होंने भारत को विकसित और सशक्त बनाने के लिए सशक्त नीतियों की नींव रखी। इससे उस विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिसका संकल्प प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लिया है।

**सुशासन की सफलता साफनीयत, नीति और निष्ठा पर करती है निर्भर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में जनसेवा का दायित्व संभालते ही हमारी सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन से सुशासन और सुशासन से सेवा का अपना अभियान शुरू किया था। ऐसे अभियान की सफलता साफनीयत, नीति और निष्ठा पर निर्भर करती है। सुशासन के लिए सेवा की नीयत होनी चाहिए और नीतियां भी ऐसी होनी चाहिए कि उनमें भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश न हो। इन्हीं साफनीयत और सही नीतियों के बलबूते हमारी सरकार सुशासन के इस अभियान में सफलता प्राप्त कर रही है। इस सफलता को प्रदेशवासियों ने भी अपना भरपूर समर्थन दिया है और लगातार तीसरी बार हरियाणा में भाजपा को जन सेवा का जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सुशासन के इस दौर को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी।

**ई- गवर्नेंस से तय किया सुशासन का सफर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने ई-गवर्नेंस की विभिन्न पहलों को अपनाते हुए सुशासन का सफर तय किया है। जमीनों की रजिस्ट्री में गड़बड़ी को रोकने के लिए रजिस्ट्री के समय प्रस्तुत किये जाने वाले विभिन्न विभागों, बोर्डों व निगमों आदि के अनापत्ति प्रमाण-पत्र ऑनलाइन जारी करने शुरू किये हैं। जमीनों के रिकॉर्ड में पारदर्शिता लाने के लिए पूरे प्रदेश में वैब-हैलरिस प्रणाली लागू की गई। राज्य सरकार ने ई-नीलामी और ई- रवाना स्कीम के माध्यम से खनन ठेकों में पारदर्शिता सुनिश्चित की। सरकार ने श्सेवा का अधिकारश् कानून बनाया, जिसके तहत निर्धारित अवधि में सेवा न मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होना तय है।

ईमानदार और पारदर्शी सुधारों से आ रहे बेहतर परिणाम

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने ईमानदार और पारदर्शी प्रशासन की नींव रखी है और सरकार द्वारा किये गये सुधारों से स्थापित सुशासन के सकारात्मक परिणाम आए हैं। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ घर बैठे ही पात्र लोगों को मिल रहा है। सुशासन का ही परिणाम है कि तमाम रुकावटों को पार करते हुए हमारी सरकार ने 1 लाख 71 हजार युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरियां दी हैं। आज प्रदेश में पढ़ी-लिखी पंचायतें गांवों के विकास को नई गति दे रही हैं। सुशासन के बलबूते ही प्रदेश का हर गांव लाल डोरा मुक्त हो चुका है। सी.एम. विण्डों के जरिए लोगों को घर बैठे ही न्याय देने का काम हमारी सरकार ने किया है। सीएम विंडो पर 12 लाख से अधिक समस्याओं और शिकायतों का समाधान हो चुका है। सुशासन का ही परिणाम है कि अब गरीब के राशन का हक कोई दूसरा व्यक्ति नहीं मार सकता। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 59 विभागों की 772 योजनाएं और सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिनका आम नागरिक घर बैठे ही लाभ प्राप्त कर सकते हैं।






**पहले की सरकारों में भय, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और क्षेत्रवाद का था बोलबाला**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों में भय, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और क्षेत्रवाद का बोलबाला था। हमारी सरकार ने एक-एक कर भ्रष्टाचार के सभी रास्तों को बंद किया है। चाहे सी.एल.यू. के नाम पर लूट को बंद करना हो, सरकारी नौकरियां सिर्फमेरिट पर देने का काम हो, कर्मचारियों के तबादलों को ऑनलाइन करने का संकल्प हो, चाहे मिट्टी के तेल के खेल को बंद कर हर गरीब को मुफ्त गैस सिलेंडर देने की सोच हो या फिर गरीबों के राशन, पेंशन, वजीफे, सब्सिडी में चल रहे फर्जीवाड़े को बंद करने की बात हो, इन सुशासन की पहलों को हमने अपनाया है।

**विपक्ष को तकलीफहो रही है कि पोर्टल के माध्यम से जनता को क्यों मिल रहा लाभ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेता दुष्प्रचार करते थे कि जब वे सरकार में आएंगे तो पोर्टल को बंद कर देंगे। उन्हें इस बात से तकलीफहो रही है कि पोर्टल के माध्यम से जनता को लाभ क्यों मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हीं पोर्टल के माध्यम से हमारी सरकार ने किसानों के खातों में सीधे पैसा पहुंचाया है। पिछले 10 सालों में किसानों के खातों में 1.25 लाख करोड़ रुपये सीधे डाले गए हैं। इतना ही नहीं, इस साल बारिश कम होने के कारण किसानों पर पड़े आर्थिक बोझ को कम करने के लिए 2 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से 825 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में भेजे जा चुके हैं, ये भी पोर्टल की बदौलत ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि पहले बुजुर्गों को पेंशन बनवाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। लेकिन पोर्टल के ही कारण अब बुजुर्गों की घर बैठे ही पेंशन बनने लगी है। पिछले 10 सालों में लाखों बुजुर्गों की पेंशन घर बैठे ऑनलाइन बनी है। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हाल ही के विधानसभा चुनाव से पहले विपक्ष के एक प्रत्याशी ने तो अपना राज आने पर पोर्टल बंद करने, एक अन्य प्रत्याशी ने पहले अपना घर भरने तक की बातें कही। इतना ही नहीं, विपक्ष के एक अन्य प्रत्याशी ने तो 50 वोटों पर एक नौकरी देने तक का ऐलान किया था। उनकी यह सोच सुशासन की सोच नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली सोच है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि चुनाव परिणमों से पहले उन्होंने युवाओं से वादा किया था कि वे 25 हजार युवाओं को पहले सरकारी नौकरी ज्वाइन करवाएंगे, उसके बाद स्वयं शपथ ग्रहण करेंगे और अपने इस वायदे को उन्होंने पूरा करके दिखाया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों पर अपने समर्थन की मोहर लगाकर सुशासन की सरकार को बरकरार रखने के लिए हरियाणा की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में की गई सुशासन की ये पहलें प्रमाण हैं कि सुशासन हमारे लिए सिर्फ नारा नहीं, बल्कि विकसित हरियाणा-विकसित भारत की आत्मा है।

राज्य सरकार की सुशासन की पहलों से समाज के हर वर्ग से जुड़े लोगों का जीवन हुआ आसान दृ मुख्य सचिव विवेक जोशी

इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ विवेक जोशी ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार लगातार सुशासन की पहल कर रही है। आमजन द्वारा शिकायतें दर्ज़ करवाने और उनके त्वरित समाधान के लिए सी.एम. विंडो की बात हो, समय पर काम न होने पर स्वतः अपील के लिए ऑटो अपील सॉफ्वेयर की लॉन्चिंग हो, या फिर किसान को बिजाई से लेकर फसल बेचने तक की सुविधा सिंगल प्लेटफार्म पर प्रदान करने के उद्देश्य से मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल की शुरुआत करना हो, राज्य सरकार ने ऐसी अनेक पहल की हैं, जिनके माध्यम से समाज के हर वर्ग से जुड़े लोगों का जीवन आसान हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से सकारात्मकता आती है और जब सकारात्मकता प्रबल होती है तो नकारात्मकता का भाव धीरे-धीरे क्षीण होता जाता है। इसी सोच के साथ, प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में 'स्वच्छ हरियाणा मिशन' के अंतर्गत 31 जनवरी, 2025 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत राज्य सरकार की कार्यालय प्रक्रिया नियमावली में दिए दिशा-निर्देशों के अनुरूप दस्तावेज रिटेंशन को सुव्यवस्थित करने और अप्रचलित रिकॉर्ड को हटाने के साथ ही रिकॉर्ड प्रबंधन पर भी बल दिया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों के साथ जनता के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उनके संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों आदि समेत सभी सरकारी कार्यालयों में सफाई को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि सुशासन केवल सरकारी नीतियों और प्रक्रियाओं का ही सरलीकरण नहीं, बल्कि उन अधिकारियों और कर्मचारियों के संकल्प का भी प्रतिफल है, जो पर्दे के पीछे काम करते हैं। इनके इसी संकल्प के सम्मान में 'हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना' के तहत समर्पण, नवोन्मेष और सत्यनिष्ठा के सच्चे नायकों को सम्मानित किया जाता है। समारोह में विधायक श्री मुकेश शर्मा, जीएमडीए के सीईओ श्री श्यामल मिश्रा, पूर्व सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री सी. जी. रजीनीकांथन और सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के. एम. पांडुरंग सहित गुरुग्राम के मंडलायुक्त रमेश चंद्र बिढान, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, जिला उपायुक्त अजय कुमार, एडीसी हितेश कुमार मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव के अलावा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में धन्यवादी दौरा कर सुनी आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को निदान की दिशा में उचित कदम उठाने के दिए निर्देश

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरूग्राम, मोहित सैनी।** उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ प्रदेश के लोगों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व व नीतियों में विश्वास जताकर पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई है। उनकी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए अगले पांच सालों में उनकी विकास संबंधी सभी मांगो को प्राथमिकता के साथ पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंत्योदय उत्थान के ध्येय के साथ सरकार हर उस व्यक्ति तक पहुँच रही जिनकी सरकार तक पहुँच नही है। राव नरबीर सिंह बुधवार को बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव धुमसपुर, रामगढ़, मेदावास व तिगरा में धन्यवादी दौरा कर भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपार जनसमर्थन से जिताने पर सभी गांवों को आभार जताया। इस दौरान सोहना के विधायक तेजपाल तंवर भी उनके साथ रहे। कैबिनट मंत्री ने इस मौके पर नागरिकों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनकी निदान की दिशा में उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। राव नरबीर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा ही संकल्प पत्र में सिर्फ वायदे नहीं करती बल्कि उन्हें पूरा करने का भी काम करती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार बनते ही शपथ लेने उपरांत मंच से उतरने से पूर्व 25 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी देने का कार्य किया। भाजपा सरकार पहले दिन से ही काबिलियत के आधार पर नौकरी देने के पक्ष में रही है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, व्यापारी या दुकानदार का कोई भी बच्चा हो अगर उसमें योग्यता है तो उसे नौकरी प्राप्त करने से कोई रोक नहीं सकता। भाजपा सरकार में जो बच्चा पढेगा उसको उसकी काबिलियत के आधार पर नौकरी मिली है और




भविष्य में भी सरकार योग्यता के आधार पर ही नौकरी देगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गुरूग्राम का अधिकतर क्षेत्र आर्थिक रूप से सम्पन्न है। ऐसे में हमारी युवा शक्ति को नए उद्योगों की दिशा में काम करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के साथ नए उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार हर स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा नही होता। बड़े औधोगिक संस्थान की सफलतम कहानियां बताती है कि उनकी शुरुआत भी छोटे स्तर से ही हुई थी। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के तहत आपकी आर्थिक सफलता में जो संभव सहयोग होगा उसके दृष्टिगत उद्योग मंत्री के रूप में उनके दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी साथ आएं है, किसी भी नागरिक को समस्या है तो वो संबंधित अधिकारियों को बताकर दूर करवा सकते हैं। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों द्वारा सोहना सड़क मार्ग से जेल की तरफजाने वाली सड़क के जीर्णोद्धार की मांग पर उन्हें आश्वस्त किया कि इस कार्य को मंजूरी दे दी गयी है। 16 फरवरी के उपरांत कार्य शुरू हो जाएगा। इस दौरान सोहना के विधायक तेजपाल तंवर ने आमजनमानस का धन्यवाद करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने वंचित कल्याण का जो फैसला लिया है, उसका पूरे देश में बड़ा संदेश गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए जाएंगे और जो विकास कार्य चल रहे हैं, उन्हें गति देते हुए तीव्रता से करवाने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर धर्मेंद्र खटाना, योगेश खटाना, सुरेश खटाना राकेश यादव, पार्षद कुलदीप यादव, मुकेश यादव जेलदार,मनोज तंवर, सुरेंद्र तंवर, सचिन त्यागी, राजेश तंवर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बच्चों को वितरित की पाठ्य सामग्री

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रुप में मनाते हुए शांति नगर क्षेत्र में जरुरतमंद परिवारों के बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की। कार्यक्रम के संयोजक महेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता मनीष गाडौली, अर्जुन मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र बजाज, शक्ति प्रमुख निर्मल सिंह राजौरिया शामिल हुए। उन्होंने पूर्व प्रधाानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को पूरा देश सुशासन दिवस के रुप में मना रहा है। वह देश के उन कद्दावर नेताओं में से एक हैं, जिन्होंने देश की मजबूती के लिए साहसिक निर्णय लिए। वह वर्ष 1996 में पहली बार प्रधानमंत्री बने। वर्ष 1998 में पुनरू प्रधानमंत्री बनकर पोखरण में परमाणु विस्फोट कराया, जिसके बाद भारत परमाणु संपन्न देश बना। वर्ष 1999 में वह देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए थे। देश को आर्थिक व सैन्य रुप से आगे बढ़ाने में उनका बड़ा योगदान रहा। महेश कुमार का कहना है कि आज पूरा देश अटल जी के दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानामंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में शांति नगर युवा मंडल के अध्यक्ष कर्मवीर कोहली, गणेश दास, सूबे सिंह, जयपाल, जगदीश, लालमन, जगदीश यादव आदि शामिल रहे।

## राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा-दीक्षा पर्यवेक्षण का हुआ आयोजन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** राजकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता आ रहा है, ताकि छात्रों का भविष्य बेहतर और उज्जवल बन सके। इसी क्रम में जिले के नाहरपुर कासन क्षेत्र स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय परिसर में शिक्षा-दीक्षा पर्यवेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं व गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। मुख्य शिक्षक देव कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षिका मीनाक्षी का छात्रों व शिक्षकों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई, जिसकी सभी उपस्थित जनों ने सराहना की। पर्यवेक्षिका ने विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया और छात्रों के अनुशासन, शिक्षकों द्वारा दी जाने वाली शिक्षा, कक्षों की सफाई, मिड डे मील आदि की सराहना की गई। देव कुमार का कहना है कि शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रकार के पर्यवेक्षण से विद्यालय, छात्रों एवं शिक्षकों में एक नई ऊर्जा का समावेश होता है, जिससे विद्यालय में शिक्षा, स्वच्छता व अन्य गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है।

# बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पटौदी के खानपुर पहुंचे

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पटौदी, (सैनी)।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मंगलवार देर रात को पटौदी के गांव खानपुर पहुंचे। गौशाला संचालक स्वामी कोशलेन्द्र ब्रह्मचारी से आशीर्वाद लेने आएं थे बागेश्वर सरकार। गांव खानपुर गौशाला के संचालक कौशलेंद्र महाराज ने बताया कि प्रेम और आशीर्वाद प्राप्त करने बागेश्वर सरकार धीरेंद्र शास्त्री यहां आए थे। मंगलवार को दस बजे गौशाला में पहुंचे थे और करीब अढ़ाई बजे वापिस लौट गए। उन्होंने बताया कि करीब दस साल पहले गुजरात के कच्छ में एक यज्ञ के दौरान धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात हुई थी। तभी से उनके प्रति श्रद्धाभाव है। वें सादगी, सद्भावना, मानव कल्याण की भावना और प्रेम को लेकर आएं थे। काफी समय से भेंट नही होने के कारण उनका बहुत मन था यहां आने का। हम मिले मानव कल्याण को लेकर चर्चा हुई और उनको आशीर्वाद दिया। धीरेंद्र शास्त्री ने एक दिन पूर्व फोन करके दर्शन करने की इच्छा जताते हुए आने की सूचना दी थी। उनसे कैंसर अस्पताल बनाने, गरीब लड़कियों की



शादी सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों के बारे में चर्चा हुई। उनका जगत कल्याण का निष्काम भाव है। धीरेंद्र शास्त्री प्रेम और आशीर्वाद के वशीभूत होकर रात यहां पहुंचे थे। उन्होंने खानपुर में करीब 8सौ गायों की गौशाला का अवलोकन किया। वें खजुराहो से दिल्ली होते हुए पटौदी पहुंचे थे।

# अटल जी की वाणी सत्य साबित हुई और देश में कमल खिलाः डा. सतीश पूनिया

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन को सुशासन दिवस के रूप में पूरे प्रदेश में मना रही है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया बुधवार को गुरुग्राम के शीतला मंडल के बूथ संख्या 306 पर पहुंचे और अटल जी की महान स्मृतियों को कार्यकर्ताओं के साथ स्मरण किया और कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन प्रेरणादायी है। डा. पूनिया ने श्रद्धेय अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रदेशवासियों को सुशासन दिवस की शुभकामनाएं दी। डा. पूनिया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि अंधेरा हटेगा, सूरज उगेगा और कमल खिलेगा। अटल जी की यह वाणी सत्य साबित हुई। 2014 में कमल खिला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए भाजपा सरकार ने सुशासन व्यवस्था को लागू किया। आज भाजपा पूरे देश और प्रदेश में अटल जी के जन्म दिन को सुशासन दिवस के रूप में मना रही है।




डा. पूनिया ने कहा कि भाजपा के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं के परिश्रम की बदौलत आज भाजपा पूरे विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। भाजपा के कार्यकर्ता सरकार की जनहित की योजनाओं को जनता तक पहुंचाकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता के माध्यम से जनसेवा करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी और हरियाणा की नायब सरकार मानवतावाद के मंत्र पर चलते हुए हर मानव की सेवा का काम कर रही है। इस मौके पर पूर्व मंत्री डा. कमल गुप्ता, गुरुग्राम जिला प्रभारी संदीप जोशी के अलावा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने डिजिटल सुधारों में अग्रणी विभागों को राज्य एवं जिला स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए

- गुरुग्राम में राज्य स्तरीय सुशासन कार्यक्रम आयोजित
- कैथल सुशासन में शीर्ष प्रदर्शन करने वाला जिला बना

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी और स्वतंत्रता सेनानी पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती एवं सुशासन दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सुशासन के माध्यम से 'डिजिटल हरियाणा' के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए विभिन्न विभागों को तीन राज्य स्तरीय, छह राज्य प्रमुख योजनाओं और जिला स्तरीय सुशासन पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार बुधवार को गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना (एमएमएसएवाई) के लिए सभी के लिए आवास विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें 1 से 21 फरवरी, 2024 तक एक ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफॉर्म के साथ लॉन्च की गई इस परियोजना में 14 शहरों में जमीनें खरीदी गईं, जो सड़क, पानी की आपूर्ति, सीवरेज, प्रकाश व्यवस्था और हरित स्थानों जैसे बुनियादी ढांचे से सुसज्जित हैं। इसी प्रकार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों को भी टोहाना धान पराली प्रबंधन मॉडल के सफल कार्यान्वयन के लिए पुरस्कार मिला। इस परियोजना से वायु की गुणवत्ता में सुधार, मृदा स्वास्थ्य में वृद्धि और बेहतर कृषि उत्पादकता हुई, जिससे पर्यावरण और स्थानीय कृषक समुदाय दोनों को लाभ हुआ। हरियाणा परियोजना निगरानी प्रणाली (एचपीएमएस) पोर्टल के माध्यम से 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली प्रतिष्ठित परियोजनाओं में बाधाओं का त्वरित समाधान प्रदान करने के लिए, सामान्य प्रशासन के अधिकारियों को पुरस्कार मिला। एचपीएमएस पोर्टल राज्य में विभिन्न विभागों और एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित और समन्वित बुनियादी ढांचा आधारित परियोजनाओं की कार्यान्वयन प्रगति की निगरानी और मूल्यांकन करने में मदद करता है। नगर परिषद अंबाला सदर द्वारा शुरू की गई मासिक पास प्रणाली और वेस्ट टू वंडर पार्क की अभिनव सार्वजनिक उपयोगिता वाली परियोजना की भी मुख्यमंत्री ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सामुदायिक शौचालयों के लिए मासिक पास प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए अधिकारियों को पुरस्कृत किया, जो पहले इस्तेमाल-और-भुगतान प्रणाली की प्रथा को प्रतिस्थापित करती है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के अधिकारियों को भी मुख्यमंत्री से मासिक न्यूनतम शुल्क




माफी पहल के लिए सुशासन पुरस्कार मिला, जिसका उद्देश्य घरेलू परिवारों को पर्याप्त वित्तीय राहत प्रदान करना है, विशेष रूप से मध्यम आय और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को लाभ पहुंचाना है। छूट को बिलिंग प्रक्रिया में सहजता से एकीकृत किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता नहीं है।

तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार

मुख्यमंत्री ने नागरिक-केंद्रित सेवाओं को समयबद्ध और परेशानी मुक्त तरीके से लोगों तक पहुंचाने के लिए आज तीन विभागों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया। एचएमजीआईएस के माध्यम से रियायतकर्ताओं, लाइसेंसधारियों और अन्य सहित सभी हितधारकों के लिए एक पारदर्शी और उपयोगकर्ता के अनुकूल व्यावसायिक वातावरण प्रदान करने के लिए, खान और भूविज्ञान विभाग के अधिकारियों को भी मुख्यमंत्री से पुरस्कार मिला। पोर्टल का उद्देश्य वास्तविक समय में ठेकेदारों की उत्पादन, खरीद और प्रेषण गतिविधियों को प्रभावी ढंग से ट्रैक करके शासन और निगरानी को बढ़ाना है। सुशासन कार्यक्रम के दौरान निपुण हरियाणा मिशन निगरानी प्रणाली के सफल कार्यान्वयन में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के अधिकारियों के समर्पित प्रयासों को देखते हुए उनको भी सम्मानित किया गया। विभाग को ग्रेड 3 तक सभी छात्रों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल प्रदान करने के लिए पुरस्कार मिला। इसके अलावा, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को भी पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया में योगदान देने के लिए सुशासन पुरस्कार मिला। कैथल जिला सुशासन में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिलों में से एक है। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने कैथल (प्रथम स्थान), फतेहाबाद (द्वितीय स्थान) और झज्जर (तृतीय स्थान) सहित शीर्ष प्रदर्शन करने वाले अन्य जिलों को भी पुरस्कृत किया। इन जिलों को उनकी अनुकरणीय डिजिटल पहलों के लिए सम्मानित किया गया, जिन्होंने स्थानीय शासन को बदल दिया है और अपने नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पुरस्कार विजेताओं की सराहना करते हुए इस बात पर जोर दिया कि शासन में प्रौद्योगिकी के निर्बाध एकीकरण से न केवल प्रशासनिक दक्षता में सुधार हुआ है, बल्कि हरियाणा के नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि शासन एवं प्रशासन में हुए सुधारों का लाभ प्रत्येक नागरिक तक सबसे कुशल और पारदर्शी तरीके से पहुंचे।

जिला स्तर पर यह हुए पुरस्कृत

1.सुशासन दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला स्तर पर पहला पुरस्कार शिक्षा विभाग के निपुण गुरुग्राम मिशन की टीम को दिया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुनीराम व उनकी टीम के सदस्यों ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। गुरुग्राम जिला में प्राथमिक स्तर पर शिक्षा का स्तर सुधारने में इस मिशन का अहम योगदान के लिए दिया गया।

2.दूसरा पुरस्कार साइबर क्राइम को रोकने में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए एसीपी प्रियांशु दीवान व उनकी टीम को दिया गया। टीम के योग्दान से कॉल सेंटर, बैंक कर्मियों सहित 1800 साइबर अपराधियों को साइबर फ्रॉड में संलिप्तता रोकने में कामयाबी हासिल हुई। पुलिस विभाग के निरीक्षक विनोद कुमार व बलराज यादव को भी सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

3.जिला स्तर पर तृतीय सुशासन पुरस्कार जीएमडीए के डीटीपी व अतिक्रमण हटाओ अभियान के जिला नोडल अधिकारी आर.एस. भाट को दिया गया। उन्होंने करीब 1500 करोड़ की कीमत की सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त करवाया और अतिक्रमण हटवाने के लिए 50 अभियान अभी तक शहर में चलाए हैं।

# iPhone 14, iPhone 14 Plus Tipped to Launch in New Yellow Finish Soon



iPhone 14 and iPhone 14 Plus powered by Apple A15 Bionic SoCs went official during the company's 'Far out' event in September last year. Now, a fresh leak suggests that the Cupertino giant is gearing up to unveil the handsets in a new Yellow finish. Apple's PR team is reportedly planning a product briefing next week and it is speculated to announce a new iPhone colour option during the event. The iPhone 14 and iPhone 14 Plus are currently available in Blue, Midnight, Purple, Starlight, and Red shades. As per a recent Weibo post shared by the Japanese blog MacOtakara, iPhone 14 and iPhone 14 Plus will be made available in a new yellow colour in spring this year. Corroborating this rumour, a MacRumors report, citing sources, claims that Apple's PR team is planning a product briefing next week. The company is expected to unveil iPhone models in a new finish during the event. Both the iPhone 14 and iPhone 14 Plus models are currently available in Blue, Midnight, Purple, Starlight, and Red colour options. Lionel Messi Is Gifting a Gold iPhone 14 Pro to Each Argentina Squad Member In March last year, around six months after the original launch, Apple brought Green shades for the iPhone 13 series. Similarly, in April 2021, iPhone 12 and iPhone 12 mini were made available in Purple shade. If past practices are any indication, we can expect Apple to introduce a new colour to its iPhone 14 and iPhone 14 Plus lineup. iPhone 14, iPhone 14 Plus price and specifications Price of iPhone 14 in India starts at Rs. 79,900 and iPhone 14 Plus price starts at Rs. 89,900. As we know, iPhone 14 has a 6.1-inch Super Retina XDR OLED display, while the iPhone 14 Plus features a larger 6.7-inch Super Retina XDR OLED display. They are powered by Apple A15 Bionic SoC and are offered in three storage options — 128GB, 256GB, and 512GB. Here's How You Can Get a Refurbished iPhone 13 for as Low as Rs. 49,099 The iPhone 14 and iPhone 14 Plus sport a dual rear camera unit comprising a 12-megapixel wide-angle camera with an f/1.5 aperture lens and a 12-megapixel ultra wide-angle sensor paired with an f/2.4 lens with a 120-degree field-of-view. For selfies, they have a 12-megapixel shooter at the front. Further, they have IP68-rated build for dust.

# Google's Mental Health & Wellbeing Manager Loses Job After 10 Years Of Service

New Delhi: Ironic it may read but a mental health and wellbeing manager working at Google for the last 10 years, is among 12,000 people who were handed out pink slips in January this year. Writing on linkedIn, the UK-based Gaby Triess said she was "made redundant along with thousands of others" in January, but got "temporary protection during parental leave", and her role at Google ended only last week along with her "second mat leave". Powered By VDO.AI Play Unmute Fullscreen The temporary protection meant that she "had more time than others to process the shock", than others. "After 10 years at a company that has always given me so much, the redundancy email was a major plot twist." Triess noted she served several roles at the tech giant: "first Google Books, then Google Movies and TV, but most of all Mental Health & Wellbeing". "I'm proud to have played an active role in the company's wellbeing programme as I was on the receiving end countless times. I wouldn't be the person I am today without it." She thanked Google for "the opportunity to contribute, learn and grow at work, and live a healthy and inspired life beyond". Triess said that LinkedIn has become her "new favourite social channel", and that she has been doing courses and coaching, reading and researching the job market -- all while looking after a baby. by TaboolaSponsored LinksYou May Like Home loans made quicker by Tata Capital Tata Capital Dubai EMAAR Villa For



Sale Price Might Surprise You. Dubai Villas | Search Ads It "has not been easy but now that he's one". Triess said she is clear on what she has to do next, even though her journey feels like "making clumsy moves on a dating app for the first time since coming out of a long-term relationship!" On January 20, Google CEO Sundar Pichai had confirmed in a letter to employees that about 12,000 people will be laid off globally, accounting for more than 6 per cent of the total workforce. In March, the tech giant informed its employees via an email that fewer of them will be promoted to more senior levels this year as compared to the past. It reportedly also indicated to ex-employees who were laid off while on maternity or medical leave that they will not be paid for the remainder of their time off. In April, in a memo, sent by Chief Financial.


# Nothing Phone (2) Vs OnePlus Nord 3: Let's See What Each Of Them Has To Offer




New Delhi: The stage is all set to see a ferocious battle between the OnePlus Nord 3, which is likely launching on July 5, and the Nothing Phone (2), expected on July 11. Not much information has been revealed for both smartphones, but they are highly anticipated. Let's see what each of them has to offer in Pandora's box. OnePlus is expected to be cost about Rs 32,999 more or less while Nothing Phone (2) will probably start around Rs 49,999. Powered By VDO.AI OnePlus Nord 3 Expected Specification: TRENDING NOW OnePlus Nord 3 DISPLAY: Type: Fluid AMOLED, 120Hz, HDR10+ Size: 6.74 inches, 109.7 cm2 Resolution: 1240 x 2772 pixels, 20:9 ratio (~390 ppi density) Protection: Corning Gorilla Glass 5 OnePlus Nord 3 Processor: OS: Android 13, OxygenOS 13 Chipset: Mediatek MT6983 Dimensity 9000 (4 nm) OnePlus Nord 3 MEMORY: Card slot: No Internal: 128GB 8GB RAM, 256GB 8GB RAM, 256GB 16GB RAM OnePlus Nord 3 MAIN CAMERA: Triple Camera Setup: 50 MP, f/1.9, 24mm (wide) 8 MP, f/2.3, 120˚ (ultrawide) 2 MP, f/2.4, (depth) Features: Dual-LED flash, HDR, panorama Video: 4K@30fps, 1080p@30/60/120fps, gyro-EIS OnePlus Nord 3 SELFIE CAMERA: Single Camera: 16 MP, f/2.0, (wide) Features: Auto HDR Video: 1080p@30fps, gyro-EIS OnePlus Nord 3 FEATURES: Sensors: Fingerprint (under display, optical), accelerometer, gyro, proximity, compass OnePlus Nord 3 BATTERY: Type: Li-Po 5000 mAh, non-removable Charging: 80W wired MISC: Colors: Black (Other colors not specified) The Nothing Phone 2, the sequel of Nothing Phone, is a highly anticipated smartphone expected to be announced on July 11, 2023. by TaboolaSponsored LinksYou May Like Dubai EMAAR Villa For Sale Price Might Surprise You. Dubai Villas | Search Ads All you need to do is start planning. Get Mighty Here are the expected features Of Nothing Phone (2): Nothing Phone (2) Design and Display: The phone is rumored to feature a 6.7-inch OLED display with a resolution of 1080 x 2400 pixels and a 120Hz refresh rate. It is expected to have a sleek design with a glass front and back protected by Corning Gorilla Glass, along with an aluminum frame. The device may also come with multiple LED lights, which is known as Glyphs, on the back for notifications, charging progress, and a blinking red light as a video recording indicator. It is said to have an IP53 rating for splash, water, and dust resistance. Nothing Phone (2) Operating System and Performance: The Nothing Phone 2 is rumored to run on Android 13, possibly customized with Nothing OS. It may be powered by the Qualcomm Snapdragon 8+ Gen 1 chipset. The graphics processing is expected to be handled by the Adreno 730 GPU. Nothing Phone (2)

# How to lock incognito tabs in Chrome on Android and iOS

Google Chrome, unlike some other browsers, comes with several security features. It has features such as a password manager, safe browsing, and safety check. Also Read - How to make Google Chrome your default web browser on Windows PC, Mac, Android phone, iPhone Sometime back, Google also updated the app to make the Incognito experience better on smartphones. It introduced fingerprint/facial locking for Incognito tabs on the Chrome browser. With the help of fingerprint/facial lock, you can secure your private searches. Although this feature was accessible for some time, not many know about it. That said, in this article, we'll show how you can lock incognito tabs on Google Chrome on Android and iOS. How to fingerprint/facial lock Google Chrome's Incognito tabs Before we get started make sure you are on the latest



version of Google Chrome. You can check if the app is updated on PlayStore/ App Store. Once you are on the latest version of the app, follow the steps below. Android On Android, you'll first need to enable the re-authentication option. Step 1: Open Google Chrome on your Android device Step 2: Head to the flags page by entering the following URL — chrome://flags Step 3: Search Reauthentication for incognito in the search bar Step 4: Once you follow the third step, you should see 'Enable device reauthentication for Incognito.', tap on the Default option. Step 5: Select Enabled from the list of options and relaunch the app Step 6: Now, tap on the three dots in the upper right corner Step 7: Tap on Settings Step 8: Open the Privacy and Security tab Step 9: Turn on the 'Lock incognito tabs when you leave Chrome' option Now, whenever you close the app in between your surfing in incognito mode, all the incognito tabs will be locked with a fingerprint iOS If you are on iOS.


# LinkedIn introduces 'collaborative articles' powered by AI



Professional networking platform LinkedIn has introduced a new feature called — "collaborative articles", which will use "AI-powered conversation starters" to begin discussions between "experts" on the platform. The company will match articles with relevant members based on its skills graph, inviting them to contribute context, extra information, and advice for the articles. Also Read - LinkedIn crosses 100 million members milestone in India LinkedIn introduces 'collaborative articles' feature: How it works As per the official blogpost, "Collaborative articles are knowledge topics published by LinkedIn with insights and perspectives added by the LinkedIn community. These articles begin as AI-powered conversation starters, developed with our editorial team, but they aren't complete without insights from our members. A select group of experts have been invited to contribute their own ideas, examples and experiences within the articles." Just like any other post on the feed, users can share, react to, and save collaborative articles. Additionally, the company has clarified that only select users can contribute to the collaborative articles. As per the official statement, "LinkedIn identifies members who are likely to be experts in a certain topic based on their work experience, skills proficiency, and prior engagement on the platform. They must also meet high trust standards by adhering to LinkedIn's User Agreement and Professional Community Policies." Moreover, the company believes that the system will make it easier for people to contribute their perspectives because "starting a conversation is harder than joining one". People can respond to the experts' contributions with an "insightful" reaction. "The bodies of the articles are powered by AI, based on prompts created by and constantly refined by the company's editorial team," LinkedIn spokesperson Suzi Owens, was quoted as saying. The articles also include a note in which readers can request access to contribute by liking or reacting to this article. Last month, LinkedIn announced the "Focused Inbox" feature for a better messaging experience on the platform. The improved LinkedIn messaging experience will make it easier for members around the globe to find and respond to the messages that matter most, said the company.

# Twitter Chaos Over Tweet-Reading Limits Leaves Door Open for Meta's Rival Microblogging App Threads

Elon Musk spent the weekend further alienating Twitter users with more drastic changes to the social media giant, and he is facing a new challenge as tech nemesis Mark Zuckerberg prepares to launch a rival app this week. Zuckerberg's Meta group, which owns Facebook, has listed a new app in stores as "Threads, an Instagram app", available for preorder in the United States, with a message saying it is "expected" this Thursday. The two men have clashed for years but a recent comment by a Meta executive suggesting that Twitter was not run "sanely" irked Musk, eventually leading to the two men offering each other out for a cage fight. Twitter's Move to Limit Tweet Views Will Affect Users: Here's How Since buying Twitter last year for $44 billion (roughly Rs. 3,37,465 crore), Musk has fired thousands of employees and charged users $8 a month to have a blue checkmark and a "verified" account. PlayUnmute Fullscreen On the weekend, he limited the posts readers could view and decreed that nobody could look at a tweet unless they were logged in, meaning external links no longer work for many. He said he needed to fire up extra servers just to cope with the demand as artificial intelligence (AI) companies scraped "extreme levels" of data to train their models. Here's What Twitter's New CEO Said About the New Tweet-Reading Limits But commentators have poured scorn on that idea and marketing experts say he has massively alienated both his user base and the advertisers he needs to get profits rolling. In another move that shocked users, Twitter announced Monday that access to TweetDeck, an app that allows users to monitor several accounts at once, would be limited to verified accounts next month. John Wihbey, an associate professor of media innovation and technology at Northeastern University, told AFP that plenty of people wanted to quit Twitter for ethical reasons after Musk took over, but he had now given them a technical reason to leave too. And he added that Musk's decision to sack thousands of workers meant it had long been expected that the site would become "technically unusable". Remarkably bad Musk has said he wants to make Twitter less reliant on advertising and boost income from subscriptions. Yet he chose advertising specialist Linda Yaccarino as his chief executive recently, and she has spoken of going into "hand-to-hand combat" to win back advertisers. "How do you tell Twitter advertisers that your most engaged free users potentially will never see their ads because of data caps on their usage," tweeted



Justin Taylor, a former marketing executive at Twitter. Mike Proulx, vice president at market research firm Forrester, said the weekend's chaos had been "remarkably bad" for both users and advertisers. "Advertisers depend on reach and engagement yet Twitter is currently decimating both," he told AFP. He said Twitter had "moved from stable to startup" and Yaccarino, who remained silent over the weekend, would struggle to restore its credibility, leaving the door open to Twitter's rivals to suck up any cash from advertisers. Open secret The technical reasons Musk gave for limiting the views of users immediately brought a backlash. Many social media users speculated that Musk had simply failed to pay the bill for his servers. French social data analyst Florent Lefebvre said AI firms were more likely to train their models on books and media articles than social network content, which "is of much poorer quality, full of mistakes and lacking in context". Yoel Roth, who stepped down as Twitter's head of security weeks after Musk took over,

चिंतन

# समाज व अर्थव्यवस्था को बदल रहे युवा नवप्रवर्तक

भारत इनोवेशन (नवप्रवर्तन) के क्षेत्र में नित प्रगति कर रहा है। नए वेंचर आ रहे हैं, नई तकनीक अपनाई जा रही है, रोजगार के नए क्षेत्र उभर रहे हैं, युवा उद्यमी नई नौकरियां सृजित कर रहे हैं। यदि कहें कि नए-नए इनोवेशन और स्टार्टअप्स भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था व आर्थिक संस्कृति को बदल रहे हैं, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 15 युवा नवप्रवर्तकों से मिलकर उनका हौसलाअफजाई किया, इस दौरान खास बात देखने को मिली कि ये युवा नवप्रवर्तक 20 वर्ष से कम उम्र के हैं और सामुदायिक समाधान पर जोर दे रहे हैं। इनके बिजनेस मॉडल स्थापित कारोबार की लीक से हटकर हैं, ये रिस्क ले रहे हैं, ये समाज की जरूरत के लिए समाधान पेश कर रहे हैं। ये बदल रहे भारत के कर्ता बन रहे हैं। राष्ट्रपति के सामने जब युवा नवप्रवर्तकों ने ओडिशा, सिक्किम, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों में चल रही अपनी अभिनव परियोजनाओं का प्रदर्शन किया, तो इसमें कई चीजें चौंकाने वाली हैं। ये सब छोटे शहरों व ग्रामीण क्षेत्र में हैं, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं, नए सॉफ्टवेयर से ग्रामीण भारत में दृष्टिबाधित बच्चों को शिक्षा में मदद कर रहे हैं, आंखों के हाव-भाव को वाणी में परिवर्तित करने वाली तकनीक से मूक बधिर की सहायता कर रहे हैं, वन समुदायों को सौर ऊर्जा की तरफ बदल रहे हैं। यह सब ऐसी बातें हैं, जिनसे सोशल बिजनेस के साथ समाज में लोगों के जीवन सरल बनेंगे। आज के युवा नवप्रवर्तक कौशल और डिग्री के साथ सामुदायिक विकास की शक्ति के महत्व को भी समझते हैं। उनमें नेतृत्व की क्षमता विकसित हो रही है। ये युवा नवप्रवर्तक उद्यमी स्किल इंडिया, स्मार्ट इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप्स इंडिया के लक्ष्य को एक साथ पूरा कर रहे हैं। केंद्र सरकार वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और स्टार्टअप्स को बढ़ावा दे रही है, स्टार्टअप्स के लिए नीतियां बनाई हैं, मुद्रा, विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि योजनाओं से स्वरोजगार को बढ़ावा दे रही है। नए-नए स्टार्टअप्स स्थानीय और वैश्विक समस्याओं को हल करने के लिए आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई), ब्लॉकचेन, और आईओटी जैसी उभरती तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्टार्टअप्स ने किफ़ायती इंटरनेट की उपलब्धता और युवा कार्यबल के साथ मिलकर फ़िनटेक, एडटेक, हेल्थ-टेक, और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में विकास किया है। भारत जिस तेजी से डिजिटल हो रहा है, उतनी ही तेजी से भारतीय अर्थव्यवस्था पारदर्शी हो रही है, साथ ही भारतीय आर्थिकी भी बदल रही है। स्टार्टअप व नवाचार पारितंत्र के मामले में भारत संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। भारत नए शोध व अनुसंधान पर विशेष ध्यान दे रहा है। प्रतिवर्ष करीब 17 फीसदी के हिसाब से नए स्टार्टअप्स बढ़ रहे हैं। स्टार्टअप्स व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम, राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार, एससीओ स्टार्टअप फोरम, प्रारंभ, नवाचारों के विकास और दोहन के लिए राष्ट्रीय पहल (निधि), स्टार्टअप पारितंत्र के समर्थन स्तर पर राज्यों की रैंकिंग आदि पर फोकस कर रहा है। नवाचार में असुरक्षा का भाव, नौकरी की सामाजिक मानसिकता, इंटरनेट इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, बैंकों के लोन देने के पुराने तरीके, नीतिगत बाजार समर्थन आदि कुछेक चुनौतियां भी हैं, जिन पर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। स्कूल-उद्यमिता गलियारा, स्किल एजुकेशन, उद्यमशीलता का पोषण व सम्मान, तकनीक सुलभता आदि उपायों से नवाचार को बढ़ावा दिया जा सकता है।



दो टूक
अवधेश कुमार

लोगों के अंदर स्वाभाविक गुस्सा है कि किसी मोहल्ले में एक समुदाय की जनसंख्या बढ़ने के बाद ऐसी स्थिति पैदा हो गई कि पूजा करना तक संभव नहीं रहा। संयोग कहिए कि संभल में हिंसा के बाद प्रशासन वहां कई स्तरों पर काम कर रहा है जिनमें बिजली चोरी पकड़ना, अवैध अतिक्रमण समाप्त करना तथा धर्मस्थलों के लाउडस्पीकरों की ध्वनि को निर्धारित सीमा में किए जाने के नियम का कठोरता से पालन कराना शामिल है। संभल के खग्गू सराय मोहल्ले में 46 वर्ष से बंद मंदिर मिला। दूसरा मंदिर वहां से करीब साढ़े तीन किलोमीटर दूर सरायतरीन क्षेत्र के कायस्थान मोहल्ले में मिला। पहला 1978 के दंगे के बाद तो दूसरा 1992 के बाद बंद हो गया था।

# संभल में बंद मंदिर मिलने के मायने

संभल में 46 वर्षों से बंद मंदिर खुलने के बाद वहीं एक दूसरे मोहल्ले में भी बंद मंदिर मिलने से वाकई देश में सनसनी पैदा हुई है। लोगों के अंदर स्वाभाविक गुस्सा है कि किसी मोहल्ले में एक समुदाय की जनसंख्या बढ़ने के बाद ऐसी स्थिति पैदा हो गई कि पूजा करना तक संभव नहीं रहा। संयोग कहिए कि संभल में हिंसा के बाद प्रशासन वहां कई स्तरों पर काम कर रहा है जिनमें बिजली चोरी पकड़ना, अवैध अतिक्रमण समाप्त करना तथा धर्मस्थलों के लाउडस्पीकरों की ध्वनि को निर्धारित सीमा में किए जाने के नियम का कठोरता से पालन कराना शामिल है। संभल के खग्गू सराय मोहल्ले में इसी अभियान में 46 वर्ष से बंद मंदिर मिला।

दूसरा मंदिर वहां से लगभग साढ़े तीन किलोमीटर दूर सरायतरीन क्षेत्र के कायस्थान मोहल्ले में मिला। पहला 1978 के दंगे के बाद तो दूसरा 1992 के बाद बंद हो गया था। खग्गू सराय मंदिर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर से 200 मीटर और जिस शाही मस्जिद के सर्वे पर इतना बड़ा विवाद हुआ उससे 500 मीटर दूर है। जब मंदिर के दरवाजों पर पड़े ताले खुलवाए गए तो अंदर हनुमान जी की मूर्ति और शिवलिंग मिला। स्वाभाविक ही इस सूचना के साथ पूरे शहर में हलचल मच गई, लोग आने लगे और कई वरिष्ठ जनों ने बताना शुरू किया कि यहां क्या-क्या हो सकता है। किसी ने बताया कि सामने दिखते रैंप के नीचे अमृतकूप था। जब जेसीबी से खुदाई की गई तो वाकई उसके नीचे कुआं मिला। इसकी खुदाई में भी कुछ मूर्तियां मिली है जिनमें गणेश जी और पार्वती जी की खंडित मूर्तियां हैं। क्यों? इससे कल्पना की जा सकती है कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों में क्या हुआ होगा। अगर भारत के उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के शहर में ऐसी स्थिति बनी तो उसके कारण क्या हो सकते हैं? प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार नहीं होती तो न पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने का साहस करता और न कब्जा करके धीरे-धीरे अस्तित्व मिटा देने की अवस्था में पहुंचे मंदिर का खुलना संभव होता। जानकारी अनुसार 29 मार्च, 1978 को संभल में सांप्रदायिक हिंसा हुई थी। उसके बाद मोहल्ले के सारे हिंदू पलायन कर गए। यही कायस्थान में हुआ जब हिंसा के बाद हिंदुओं के करीब 100 परिवारों को वहां से पलायन करने को विवश होना पड़ा। 1978 के दंगों पर काम करने वाले, भुगतने वाले, आंखों देखने वाले बता रहे हैं कि उस दौरान खग्गू सरय मोहल्ले में अनेक हिंदू घरों में आग लगा दी गई थी और लोग ऐसे बेसहारा हो गए कि उनके पास वहां से भगाने के अलावा कोई चारा नहीं रहा। जानकारी मिली है कि वहां डिग्री कॉलेज में सदस्यता न मिलने पर मंजर अली नाम के प्रभावी व्यक्ति ने हिंसा का षड्यंत्र किया था। दुकानें जबरदस्ती बंद कराई गई, मारपीट, पथराव, लूटपाट हुआ, गोलियां चलीं। यह ज्यादातर जगह एकपक्षीय था जिसमें काफी हिंदुओं की मृत्यु की बात बताई गई है। विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि उसमें 184 हिंदू मारे गए थे जिनमें अनेक को जिंदा जलाया गया था। दो माह तक जिले के अलग-अलग क्षेत्र में कर्फ्यू लगा रहा। पता चल रहा है कि उसमें कुल 171 पंजीकृत मुकदमे हुए जिनमें तीन पुलिस की ओर से लिखे गए थे। उनका परिणाम क्या हुआ अभी पता नहीं। संभल में सांप्रदायिक हिंसा का



पुराना इतिहास है और अभी तक रिकॉर्ड के अनुसार 16 बार शहर में सांप्रदायिक दंगे हुए। अगर मिले वर्तमान मंदिरों और विवादास्पद जामा मस्जिद की कहानी को ही ध्यान में रखें तो अनुमान लगाना कठिन नहीं होगा कि सारी हिंसा के पीछे कौन लोग हो सकते हैं तथा किन्हें इसका खामियाजा ज्यादा भुगतना पड़ा होगा। आज खग्गू सराय मोहल्ले में किसी हिंदू का मतदाता सूची में नाम तक नहीं है। अनेक मुस्लिम नेताओं और बुद्धिजीवियों का वक्तव्य है कि मंदिर बंद था तो उसे खोलना ही चाहिए लेकिन लोग वहां से क्यों चले गए? आज तक योगी सरकार ने ऐसा क्यों नहीं किया? यह किस तरह का क्रूर बयान है? इसकी जगह मामला किसी मस्जिद का होता तो क्या ये लोग ऐसे ही वक्तव्य देते? मंदिर संभालने वाले परिवार का बयान है कि पुजारी रखकर नियमित पूजा अर्चना की कोशिश की गई लेकिन डर इतना था कि कोई जाने का साहस नहीं जुटा सका। धीरे-धीरे मुस्लिम समुदाय ने मंदिर के स्थानों को कब्जाना शुरू कर दिया। वहां जल डालने के लिए स्थित पीपल का पेड़ भी काट दिया गया। हमारे यहां पीपल का पेड़ काटना कितना बड़ा पाप माना जाता है। अब नक्शा देखकर पुलिस प्रशासन मंदिर के अतिक्रमित स्थान को बुलडोजर से ध्वस्त कर रहा है। लोग साहस करके मंदिर पर कब्जा करने वालों का नाम भी बता रहे हैं। कितनी भयावह स्थिति रही होगी कि जानते हुए भी हिंदू समाज वहां मंदिर में पूजा करने का साहस इतने लंबे समय तक नहीं दिखा पाया। धार्मिक पुस्तकों में संभल को सनातनियों या हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण तीर्थ क्षेत्र के रूप में वर्णित किया गया है। आज वहां अनेक मंदिरों का अस्तित्व नहीं है। स्कंदपुराण, विष्णु पुराण से लेकर कई ग्रंथों के उदाहरण दिए जा रहे हैं जिसमें कलयुग में भगवान विष्णु के कल्की अवतार वहां होने का उल्लेख है। जिस हरि मंदिर की महत्ता के विवरण अंग्रेजों के सर्वे से लेकर आईने अकबरी और बाबरनामा में है उसका अस्तित्व नहीं है। इस्लामी आक्रमण के काल में बाबर से लेकर मोहम्मद बिन तुगलक आदि द्वारा हिंदू स्थलों को ध्वस्त करने के विवरण उपलब्ध हैं। स्वतंत्रता के पश्चात भी वहां धर्मस्थल कब्जाया गया तथा 21 कुओं के बंद किए जाने की बात आई है। यह स्थिति जारी है तो मानना पड़ेगा कि उस मानसिकता के लोग आज भी हैं। योगी आदित्यनाथ द्वारा पिछले दिनों संभल से बांग्लादेश तक हिंसा करने वालों के अंदर बाबर का डीएनए बताने पर हंगामा मचा है। उन्होंने आम मुसलमान के बारे में बात नहीं की। जो आज भी धर्मस्थलों पर कब्जा करना अपना मजहबी दायित्व मानते हैं और कब्जे किए गए जगह की छानबीन तक पर मरने-मारने को उतारू है उन्हें क्या माना जाए? इसका प्रमाण संभल में ही मिल रहे बिजली के अवैध कनेक्शन, मंदिरों के बंद होने और अतिक्रमणों से मिलता है। खग्गू सराय मोहल्ले में पांच मस्जिदों और इसके आसपास के लगभग ढाई सौ घरों में बरसों से सीधे कटिया लगाकर बिजली का उपयोग किया जा रहा था। ऐसा तो संभव नहीं कि उसकी जानकारी प्रशासन या बिजली विभाग को नहीं हो। बावजूद वातावरण ऐसा था कि कोई इनको पकड़ने, रोकने और प्रत्यक्ष कानूनी कार्रवाई का साहस नहीं कर पाया।

मस्जिद मजहबी स्थान है और पांच मस्जिदों में कटिया लगाकर बिजली ली जा रही थी और वहीं से करीब ढाई सौ अन्य घरों में बिजली आपूर्ति हो रही थी। कोई इसके विरुद्ध बोलने का साहस तक नहीं दिखा रहा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 1978 के दंगों के न्याय को लेकर जैसा कड़ा बयान दिया है तथा सरकार की जैसी प्रतिबद्धता दिखी है उससे उम्मीद पैदा हुई है मुकदमों की बंद फाइलें खुलेंगी, नए सिरे से न्याय होगा और केवल संभल नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में ऐसे उपासना या अन्य स्थलों का भी उद्धार होगा क्योंकि यह अकेली घटना नहीं है। जगह-जगह ऐसे मंदिरों के समाचार आने लगे हैं।

अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह




# एआई से मजबूत होगा बैंकिंग तंत्र

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बौद्धिकता या एआई) का चलन बैंकिंग समेत दुनिया के सभी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहा है। इसकी मदद से महत्वपूर्ण कारोबारी निर्णय लेने में बैंक दूसरे बहुत से क्षेत्रों से आगे हैं। बैंकों में आज अधिकांश वित्तीय और गैर वित्तीय सेवाओं को एआई की मदद से मूर्त रूप दिया जा रहा है, जिनमें खाते के लेनदेन के बारे में पूछताछ, खाते का स्टेटमेंट, पासबुक प्रिंटिंग, खाते खोलना, जमा और निकासी, ऋण पात्रता, बैलेंस शीट व गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) खातों का विश्लेषण आदि शामिल है। एआई का अर्थ है बनावटी तरीके से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता, जिसे मशीनों को युक्त किया जाता है। इससे मशीनों को लैस करने के लिए 3 प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। पहले चरण में एआई में सूचनाएं डाली जाती हैं और उन्हें कुछ नियमों का अनुपालन करना सिखाया जाता जाता है। दूसरे चरण में एआई को यह निर्देश दिया जाता है कि वह बनाये हुए नियमों का पालन करते हुए लक्ष्य को पाने की ओर आगे बढ़े। तीसरे चरण में एआई से युक्त मशीनों को खुद से हुई गलतियों को ठीक करना सिखाया जाता है। एआई से लैस मशीन इंसानों की तरह सबसे पहले किसी समस्या को समझते हैं, फिर निर्णय लेते हैं कि क्या करना उचित होगा और अंत में समस्या का समाधान करते हैं। ग्राहक सेवा को बेहतर करने के लिए एआई की मदद से चैटबोट किया जा सकता है। बैंकों की योजना है कि एआई आधारित चैट बोट्स का इस्तेमाल किया जाये, ताकि ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुकूल ज्यादा असरदार और प्रभावी तरीके से सेवाएं मुहैया करायी जा सके। एआई आधारित चैटबोट्स के जरिये बैंक अपने ग्राहकों की समस्याओं और शिकायतों को ज्यादा तेजी से निबटाने में सक्षम हो सकते हैं। बैंकिंग प्रणाली के दायरे में जब किसी तरह की धोखाधड़ी होती है तो उसका पता लगाना आसान नहीं होता है। चालाक अपराधी कोई सबूत नहीं छोड़ता है, लेकिन एआई से लैस मशीन फर्जीवाड़े को आसानी से पकड़ सकता है। साथ में, इसकी मदद से यह भी जाना जा सकता है कि धोखाधड़ी की गतिविधियों को अंजाम देने की प्रक्रिया कहां से और कैसे शुरू हुई थी। एआई के जरिये व्यापक स्तर पर आंकड़ों का विश्लेषण किया जा सकता है, लिहाजा, इसकी मदद से ग्राहकों के हित में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की रणनीति बनाई जा सकती है। इससे बैंक के लिए आकर्षक एवं लाभकारी जमा व ऋण उत्पाद विकसित किए जा सकते हैं। वर्तमान में हमारे देश में लगभग 114 करोड़ से अधिक लोग स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्मार्टफोन की संख्या बढ़ने से बैंकिंग क्षेत्र में एआई के इस्तेमाल में भी बढ़ोतरी हो रही है, क्योंकि मौजूदा स्मार्टफोन एआई फीचर से लैस होते हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए एआई-पावर चैट सहायक शुरू किया था, जिसे एसबीआई इंटेलिजेंस असिस्टेंट या एसआईए भी कहा जाता है। यह ग्राहकों को मदद मुहैया कराने, धोखाधड़ी को रोकने व पता लगाने, आंकड़ों का विश्लेषण करने, ऋण प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने आदि में मदद करता है। एसआईए से ग्राहक सेवा में बेहतरी आ रही है।

बैंकों के परिचालन व्यय में कमी आ रही है। बैंकों में कई कार्यों के निष्पादन हेतु रोबोट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है, जो बैंक में आए ग्राहकों का स्वागत करने, उन्हें सही काउंटर तक पहुंचाने, ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड व होम लोन जैसी जानकारियां देने आदि जैसे काम कर सकता है। एआई से युक्त मशीनें वित्तीय दुनिया में तेजी से अपना पैर पसार रही हैं। पारंपारिक रूप से, वित्तीय दुनिया में विशेषज्ञों की खास जगह रही है। फिलवक्त, कई एआई आधारित फंड्स और स्मार्ट बीटा फंड्स बाजार में हैं, जो निवेश में इंसान की भूमिका खत्म कर रहे हैं। चूंकि, पब्लिक फंड्स संवेदनशील मसला है। इसलिए, इसमें एआई की हिस्सेदारी ज्यादा नहीं है। एआई से युक्त मशीनें वित्तीय संस्थानों को कई तरह से मदद करेगी। मसलन, यह धोखाधड़ी की संभावना को कम करेगी और निवेश या कर्ज में वापसी या बेहतर प्रतिफल की संभावना को बढ़ा देगा। आमतौर पर इंसान अपने विचारों और मतों के पूर्वाग्रहों में जीता है, जिससे गलतियां होने या किसी का पक्ष लेने की संभावना होती है। मशीन आधारित कारोबार का लक्ष्य नियमित रूप से बेहतर रिटर्न देना है। वित्तीय क्षेत्र में बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थान,स्टार्ट-अप्स आदि इसमें रुचि ले रहे हैं। कहा जा सकता है कि बैंकिंग क्षेत्र में एआई के इस्तेमाल में आने वाले दिनों में और भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही साथ बैंकों में ग्राहक सेवा और उसके दूसरे कार्यकलापों में बेहतरी आएगी।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अपने आपको जानना ही असली दौलत



संकलित
दर्शन

हर एक इंसान यही चाहता है कि उसकी जिंदगी सुख-चैन से भरी हो। बहुत से लोग यही सोचते हैं कि अगर हमारे पास धन-दौलत होगी, तो हमारे सारे दुख-दर्द दूर हो जाएंगे। संत रविदासजी महाराज जूते बनाने का काम करते थे। वे संतों- महात्माओं से बड़े आदर भाव से मिलते थे और उनकी बड़ी सेवा किया करते थे। एक बार इन्होंने एक संतजी की बड़ी सेवा की। संतजी उनसे बहुत खुश हुए। जब वे जाने लगे, तो उन्होंने इनसे कहा कि मैं तुम्हें एक पारस पत्थर दे कर जाना चाहता हूं। इससे तुम लोहा छुओगे तो वह सोना बन जाएगा। उन्होंने पारस पत्थर लिया और जिस लोहे के सुए से रविदासजी जूते गांठते थे, उसे छू दिया, वह तुरंत सोने का बन गया। रविदासजी महाराज ने कहा कि अब मैं जूते किससे बनाऊंगा? संतजी ने कहा कि तुम्हें जूते बनाने की क्या जरूरत है? जब भी तुम्हें पैसे चाहिए हों, इसे किसी भी लोहे पर छुआ देना, वह सोना बन जाएगा। उन्होंने उसे लेने से इंकार कर दिया, लेकिन संतजी ने बड़ा जोर डाला और उन्होंने वह पत्थर उनकी झोपड़ी के छप्पर पर रख दिया और कहा कि आप इससे मंदिर बनवाओ या जो चाहे करो। मैं आपसे बहुत खुश हूं, इसलिए मैं यह आपको देकर जा रहा हूं। एक साल गुजर गया और साल बाद संतजी फिर उस रास्ते से गुजरे और इनकी कुटिया तक पहुंचे। इन्होंने बड़े आदर भाव से उनकी सेवा की। संतजी ने कहा, तुम अभी तक इस कुटिया में ही बैठे हो? मैं तो तुम्हें पारस पत्थर देकर गया था। मैंने सोचा कि अब तो यहां बहुत बड़ा मंदिर होगा और यहां पर बहुत सारे लोग आते-जाते होंगे।

## अमृत खेती का अनूठा रहस्य



संकलित
प्रेरणा

भगवान बुद्ध एक बार भिक्षाटन करते हुए एक किसान के द्वार पहुंचे। भिक्षुक को अपने द्वार पर आया देख किसान ने उपेक्षापूर्वक कहा, 'श्रमण, मैं तो स्वयं हल जोतता हूं और इसके बाद अपना पेट भरता हूं। आपको भी हल जोतना चाहिए और बीज बोना चाहिए, इसके बाद मेहनत कर खाना खाना चाहिए।'किसान की बात सुनकर बुद्ध ने मुस्कुराते हुए कहा, हे अन्नदाता, मैं भी खेती ही करता हूं। बुद्ध की बात पर किसान को जिज्ञासा हुई और उसने कहा, 'तुम्हारे पास न ही मैं हल देख रहा हूं, न ही बैल और न ही खेती के लिए जमीन। तो तुम कैसे कह रहे हो कि तुम भी खेती करके ही खाना खाते हो। तुम अपनी खेती के संबंध में मुझे जरा समझाओ।' बुद्ध ने किसान से कहा, मेरे पास श्रद्धा भक्ति, आस्था, आदर, सम्मान और स्नेह भाव का बीज है। चित्त की शुद्धि, धर्म लाभ के लिए किया जाने वाला व्रत और नियम, इंद्रिय निग्रह तप, योगसाधना, समाधि, ब्रह्मचर्य, तपस्या रूपी वर्षा और जीव-मात्र रूपी जोत और हल है। मैं वचन और कर्म में संयत रहता हूं। अपनी इस खेती को अनावश्यक के नकारात्मक विचारों की घास से मुक्त रखता हूं और आनंद की फसल काट लेने तक पूरी तरह से प्रयत्नशील रहता हूं। इस तरह से मैं भी तुम्हारी ही तरह किसान हूं और अमृत की खेती करता हूं।

## क्रिसमस ट्री की रोशनी



**दमिश्क।** सीरियाई नागरिक मंगलवार को सीरिया के दमिश्क के बाहरी इलाके में स्थित सैदनाया शहर में क्रिसमस ट्री की रोशनी के दौरान सैदनाया कॉन्वेंट के बाहर एकत्र हुए।

आज की पाती

### सड़क पर कब्जा

संतोषी नगर की सड़क के दोनों ओर दुकानें कई फीट बाहर आ गई हैं। ऐसे में पुराना धमतरी रोड की सड़क में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर निगम का अमला कभी-कभी कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर लेता है। कुछ दिनों बाद समस्याएं फिर खड़ी हो जाती है। जब भी कोई बड़ा हादसा होता है, तब सरकार जागती है। आए दिन जाम लगने का कारण भी यही है। संतोषीनगर से रिंग रोड को पार करना मुश्किल होता जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस नियंत्रण में जरूर लगी रहती है, लेकिन मूल समस्या सड़कों तक दुकानों का फैलना है। *- शाहीन बेगम, रायपुर*

ट्रेंड

### सहकारिता को बढ़ावा



मोदी सरकार सहकारिता को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थतंत्र को नई शक्ति प्रदान कर रही है। नई दिल्ली में 10,000 नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ किया है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### शहीदों को श्रद्धांजलि



जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आर्मी वैन के एक्सीडेंट होने से कई जवानों के शहादत की ख़बर बेहद दुखद है। शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### छोटी-छोटी खुशियां



त्यौहार, चाहे कहीं भी मनाये जाएं, हमारे दिलों को खुशियों से भर देते हैं और चेहरों पर मुस्कान लाते हैं। जीवन की छोटी-छोटी खुशियाँ हमें सबसे बड़ी मुस्कान देती हैं। आइए उन पलों को खोजें और संजोएं।
- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### अच्छी कहानियां दिल से



'कहानी मेरे दिल को छूती है' न कि 'मेरे दिमाग को छूती है' सबसे अच्छी कहानियाँ आपके दिल से आती हैं, दिमाग से नहीं। जान लें कि आपका हृदय ही आपका रचनात्मक स्रोत है।
-शेखर कपूर, अभिनेता

संपादकीय

करंट अफेयर


## परमाणु ऊर्जा संयंत्र मामले में हसीना के खिलाफ जांच



ढाका बांग्लादेश में एक भ्रष्टाचार रोधी समिति ने रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन के आरोपों के संबंध में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ जांच शुरू की है। इस संबंध में मीडिया में रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। भारतीय कंपनियां बांग्लादेश में रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण में शामिल हैं। इसका निर्माण रूस की सरकारी कंपनी रोसातम कर रही है। रूस द्वारा डिजाइन किया गया पहला बांग्लादेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र, रूपपुर बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 160 किलोमीटर पश्चिम में बनाया जा रहा है। हसीना के साथ उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और उनकी भांजी एवं ब्रिटेन की वित्त मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक से भी पूछताछ की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटनाक्रम उच्च न्यायालय द्वारा एक नियम जारी करने के दो दिन बाद हुआ है, जिसमें पूछा गया था कि रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना से हसीना, जॉय और ट्यूलिप द्वारा मलेशियाई बैंक को पांच अरब अमेरिकी डॉलर के कथित हस्तांतरण पर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) की निष्क्रियता को अवैध क्यों न घोषित किया जाए।

ऑफ बीट

## भारत का मैला ढोने की प्रथा से मुक्त करने पर ध्यान



सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय 2024 में किए गए अपने जमीनी कार्यों के आधार पर अगले साल देशभर में मैला ढोने की प्रथा से मुक्त होने और दिव्यांगों के लिए सुविधाएं सुगम बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। यूं तो मंत्रालय बार-बार कहता है कि देश में अब मैला ढोने की कुप्रथा नहीं बची है, लेकिन देश के केवल 257 जिलों ने केंद्र सरकार के पोर्टल पर अपने मैला ढोने से मुक्ति के प्रमाणपत्र डाले हैं। मंत्रालय ने बाकी जिलों से भी अपनी स्थिति से जल्द अगवत कराने को कहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 'नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम' (नमस्ते) योजना के तहत 54,574 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों के प्रोफाइल बनाए गए हैं, जिनमें से 37,060 (67 प्रतिशत) अनुसूचित जाति वर्ग से हैं। मंत्रालय का लक्ष्य अगले साल उनके पुनर्वास को प्राथमिकता देना है। अधिकारी के मुताबिक 2025 में 'नमस्ते' योजना का और विस्तार किया जाएगा तथा देशभर में कचरा बीनने वाले ढाई लाख लोगों के प्रोफाइल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में कचरा बीनने वालों को व्यावसायिक सुरक्षा का प्रशिक्षण, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा और कचरा इकट्ठा करने के वाहनों समेत आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए आर्थिक मदद मिलेगी।

# Vajpayee architect of India's transition into 21st century : PM Modi




▶ PM pays tribute to former PM Atal Bihari Vajpayee on his 100th birth anniversary at Sadaiv Atal, in New Delhi...(PIB)

New Delhi, Dec 25 Prime Minister Narendra Modi praised Atal Bihari Vajpayee as the architect of India's transition into the 21st century and said the BJP stalwart ushered in reforms that set the stage for India's economic surge, abandoning an economic philosophy which encouraged cronyism and stagnation. In an article which appeared in several newspapers on the 100th birth anniversary of Vajpayee, Modi said he spent his long parliamentary tenure largely in the opposition benches but never carried any trace of bitterness even though the Congress stooped to new lows by going to the extent of calling him a "traitor".Modi said, "He stands tall as a statesman who continues to inspire countless people."The prime minister said Vajpayee provided stable and effective governance at a time when people were getting impatient and sceptical about the government's ability to deliver due to the political instability of the '90s when four Lok Sabha polls were held in about nine years.Coming from humble roots, Vajpayee realised the struggles of the common citizen and the transformative power of effective governance, Modi said, adding that the long-term impact of his leadership is visible in several sectors.His era marked a gigantic leap in the world of information technology, telecom and communications, he said."The NDA government under Atal ji made the first serious attempt to make technology accessible to citizens. At the same time, there was foresight in connecting India. Even today, most people recall the Golden Quadrilateral Project which connected the length and breadth of India," he said.

# Trees Don't Eat Their Own Fruits: A Solo Exhibition by Ashish Kumar Maurya



Delhi: Trees Don't Eat Their Own Fruits is a solo exhibition by artist and research scholar Ashish Kumar Maurya, cu-rated by Iftikar Ahmad. Running from 23 to 29, Dec. 2024, at Jehangir art gallery mumbai the exhibition explores themes of labor, survival, and humanity's connection to nature. Featuring mixed media, photography, etchings, and paintings, Maurya reflects on cycles of growth, decay, and renewal. Rooted in his PhD research, The New Per-ception of Reality in Contemporary Indian Art, the works blend rural and urban narratives, drawing from personal memories. Highlights include a poignant painting of a laborer nurturing plants in a cityscape, symbolizing resilience and survival.The exhibition honors Maurya's late mentors, Prof. Jai Zharotiya and S. C. Ahuja, whose guidance shaped his artis-tic vision. Maurya received support from esteemed figures like Prof. Uttama Dixit, Dean of Visual Arts at BHU, Dr. Suresh Chandra Jangid Maurya's PhD supervisor and professor in BHU, Suresh k. Nair and Prof. Chawky Frenn, Ful-bright Visiting Fellow and other mentors.Maurya is a PhD scholar at Banaras Hindu University (BHU), with an MFA from the College of Art, University of Del-hi, and a BFA from BHU. His multidisciplinary practice spans painting, printmaking, photography, and mixed media, focusing on rural-urban dynamics and survival. His accolades include the Junior Research Fellowship (UGC), the Art for Hope grant by Hyundai Motor India Foundation, and the Emerging Artist prize at MOJARTO's ORA-2020."My work embodies the intricate connection between my village roots and urban experiences, weaving together the stories, struggles, and beauty of these two contrasting worlds. It captures the resilience of rural life, with its deep ties to nature and tradition, while reflecting the dynamic transformations of urban landscapes, marked by rapid growth and adaptation. Through my art, I explore how these dual realities shape identity, offering a narrative that resonates with the ever-evolving relationship between tradition and modernity."

# Ola Electric Accelerates EV Revolution with Record Expansion to 4,000 Stores Nationwide

▶ Opens 3,200+ new stores co-located with service centres, making it India's largest EV expansion at one go

▶ Announces offers worth up to 25,000 on S1 portfolio

New Delhi, Dec 25 : Ola Electric, India's largest pure-play EV company, today expanded its network to 4,000 stores nationwide, registering a four-fold increase from the existing network. One of the world's most signif-icant expansions of the EV footprint, bolstering access, growth, and adoption in the country, Ola Electric cements its leadership in the space.

With the launch of 3,200+ new stores co-located with service facilities, the company is committed to driving large-scale EV adoption enabling deeper penetration beyond tier-1 and tier-2 cities to almost every town and tehsil across India. With this expansion, Ola Electric has fulfilled its promise under its #SavingsWalaScooter campaign.

Bhavish Aggarwal, Chairman & Managing Director, Ola Electric, said, "We promised, and now we have delivered! Today marks a significant milestone in India's EV journey as we expand our network to every city, town, and taluk. With our newly opened stores co-located with service centres, we have completely redefined EV purchase & ownership experience, setting new benchmarks with our #SavingsWalaScooter campaign. As we continue to scale, we are committed to pushing the boundaries of innovation and accelerating the country's journey towards #EndICEAge."

**Offers worth up to 25,000 on S1 portfolio**

Marking the massive expansion of the network, Ola Electric has rolled out attractive offers with benefits ranging up to 25,000 on the S1 portfolio, exclusively available on December 25, 2024. Customers can visit their nearest newly launched Ola Store and get a flat discount of up to 7,000 on S1 X portfolio. Besides, customers can avail additional benefits up to 18,000, including 5,000 on select credit card EMIs and MoveOS benefits worth 6,000.

**Limited-Edition Ola S1 Pro Sona**

Ola S1 Pro Sona, launched to mark the massive network expansion with real 24-karat gold plated elements, has attracted a large number of footfalls across Ola Stores, with customers actively participating in.

# Chennai's Anna University student 'sexually assaulted', biryani seller arrested



Chennai, Dec 25 An Anna University girl student was allegedly sexually assaulted and a 37-year old man, who sells biryani on the pavement, has been arrested for the crime, police said on Wednesday.

The victim, a student of the varsity's College of Engineering, Guindy in her complaint said that while she was speaking to her male friend on December 23, around 8 pm, behind a building on the college campus, they were intimidated by an unknown person, who sexually assaulted her.She lodged the complaint with the Kotturpuram All Women police station and a case was duly registered and a probe was on, a Greater Chennai city police statement said.

"During investigation, based on scientific evidence, Gnanasekaran of Kottur (a neighbourhood near the college) has been arrested for this crime. The suspect has given a confessional statement. He is doing business by running a biryani shop on the pavement."Further, the police said they were probing whether he had been involved in other crimes. "On the university campus, CCTV cameras have been installed and security officials have been appointed."

Police said appropriate action will be taken to enhance security for the students following consultations with university officials and that a 'joint security review', will be undertaken. Anna University Registrar, J Prakash, said the varsity was extending full cooperation to the police in its investigation. The internal complaints committee of the varsity has also commenced an inquiry.

"The university administration is extending full cooperation for the police investigation," he said.Meanwhile, SFI and AIDWA staged a protest in front of the state-run varsity campus seeking action. According to one of the protesters, the student was allegedly sexually assaulted "inside the campus by two outsiders".

The incident has also triggered strong political reactions.AIADMK general secretary Edappadi K Palaniswami expressed shock and said it was "shameful". He strongly condemned the DMK government.DMK spokesperson A Saravanan said the incident was very unfortunate and it should not have happened. The police have swiftly acted, an FIR has been registered and the culprit will be brought to justice, he expressed confidence.

# The Legal Provisions Need To Be Made For The Safety Of Journalist s : Pavitar Mohan Rai

▶ Virendra Saini became Delhi State President of Rashtriya Patrakar Mahasangh



New Delhi, 25th December :(KUSH ARORA) ,Under the aegis of Rashtriya Patrakar Mahasangh, a seminar was organized today in the auditorium of Indian Newspaper Committee on the issue of increasing attacks on journalists being a matter of great concern, in which the National President of the Mahasangh, Pavitra Mohan Rai, termed the attacks on journalists as worrisome and said that journalism is a risky job. Journalists who expose the truth are fac-ing difficult circumstances today. Attacks on journalists doing unbiased journalism are increasing continuously, in many cases journalists have even lost their lives, in such a situation, the security of journalists is becoming a serious challenge.In many cases, journalists are also bearing the brunt of the indifference of the governments. National President of the Mahasangh, Pavitra Mohan Rai said that we are called the fourth pillar of democracy but the absence of any legal provision to protect it is a matter of concern. He said that today there are legal provisions for the safety of leaders, lawyers, doctors but no law has been made in the interest of journalists.Present-day journalists are victims of neglect. No provision has been made for the safety of journalists. Shri Pavitra Rai said that on the lines of the safety of doctors, legal provisions should be made for the safety of journalists. Del-hi State and National Capital Region President of the Federation Virendra Saini said that journalists in and around Delhi are harassed every day. But no arrangements are being made for their safety by the government sector.There is apprehension about the future of journalists. Shri Saini said that legal provisions need to be made for the safety of journalists. Addressing the seminar, Arun Goyal, Surendra Verma, Jawahar Jairath, journalists Vivek Shukla, Ajesh Kumar, Sanjay Rai, Advocate Malika Gautam and many others associated with journalist organiza-tions also shared their views. On this occasion, National President of Rashtriya Patrakar Mahasangh Pavitra Mohan established Delhi NCR Unit and expanded the organization by appointing senior journalist and editor of Janbhavna magazine Virendra Saini as the President of Delhi NCR and Mrs. KD Mishra as the General Secretary. Shri Pavitra Rai said that his organization is protecting the interests of journalists in other states of the country. The organization will also work in the interest of journalists in Delhi NCR. Many famous journalists including journalists Kush Arora, Vijendra Goyal, Rakesh Kumar, Deepak Anand, Suresh Kumar, Tirth Raj, Hari Singh Rawat, SK Dixit were present in the seminar.

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अभय सिंह सैनी द्वारा आर डी प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स (प्राइवेट) लिमिटेड A -24 सेक्टर 8 नोएडा से मुद्रित एवं नियर शिव मंदिर ग्राम बैंसी (204) नूंह हरियाणा से प्रकाशित संपादक: अभय सिंह सैनी आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 (प्रकाशित लेखों के लेखकों की राय से संपादक या प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं) किसी भी वाद विवाद की स्थिति में जिला नूंह न्यायलय ही मान्य होगा

# Jasprit Bumrah reaches career-high ICC Test bowling ranking; Travis Head climbs in batting list

▶ Bumrah's nine-wicket haul in Brisbane propels him to joint highest-rated Indian Test bowler




Dubai, Dec 25 India's pace spearhead, Jasprit Bumrah, has cemented his position at the top of the ICC Men's Test Bowling Rankings following his outstanding performance in Brisbane.

Bumrah's nine-wicket haul for 94 runs in the rain-affected third Test against Australia earned him 14 additional rating points, bringing his total to a career-best 904.

With this rating, Bumrah has matched the record set by former spinner Ravichandran Ashwin in December 2016, making him the joint highest-rated Indian Test bowler in history. With one more Test left in the Border-Gavaskar Trophy in Melbourne, Bumrah could surpass Ashwin's record.

South Africa's Kagiso Rabada and Australia's Josh Hazlewood currently occupy second and third spots, but trail Bumrah by a significant margin.Meanwhile, Australia's Travis Head has been on a remarkable rise, climbing to fourth in the ICC Men's Test Batting Rankings.

Head's brilliant 152 at the Gabba, following his century in Adelaide, has moved him up one place to 825 points. Steve Smith's century in the third Test also boosted his ranking, bringing him back into the top ten. On the Indian side, KL Rahul's resilient first-innings performance lifted him ten places to 40th.

# Rohit doesn't want to 'complicate too many things' for Gill and Jaiswal





Melbourne, Dec 25 India's batting is in transition and two men who are expected to take it forward have had an up-and-down time during the 2024 Border-Gavaskar Trophy. Yashasvi Jaiswal has suffered some soft dismissals since his 161 in Perth and Shubman Gill hasn't made the most of the starts he's had.

Their captain Rohit Sharma, speaking ahead of the Boxing Day Test, backed both players to succeed using their own methods.

"When you have a guy like [Jaiswal] in your squad, in your team, you don't want to tamper too much with his mindset," Rohit said. "Let him be as free as possible and not overburdened with too many thoughts regarding his batting. He understands his batting more than any one of us, you know.

"Every venue here has different challenges. So, it's just about adapting to those challenges, playing on different pitches. The bowlers are the same."So, it's just about understanding what they usually do and what are their plans against certain batters when we come out to bat. And then just going out there and doing their thing.

"Talking about Gill, I mean, look, he is quality, we all know that. It's just about backing that quality and making sure, you know, we give clear messaging to him and not, again, like Jaiswal, we don't want to complicate too many things with him.

"So he knows how to score big runs. So it's just making sure that when you get those 30s, 40s, you try and get on to a big one. Because getting in here is the toughest part. And when you get in, that is when you cannot leave that opportunity of scoring that big runs."Rohit batted for over half-an-hour in India's final training session before Boxing Day. He didn't look in any trouble after taking a blow to his knee earlier.

There were some crisp shots, including a couple that brought a crowd of about 200 or so people to raptures. They'd asked for the pull and they got one off the front foot right as his session ended. Rohit didn't engage with them while he was batting but once he'd pulled his pads off, he did go over for a playful word or two.

# Man City crisis deepens after another loss and Arsenal closes gap on Liverpool Football




Manchester, Dec 25 Manchester City's stunning slump deepened after losing to Aston Villa 2-1 in the Premier League on Saturday. Goals from Jhon Duran and Morgan Rogers at Villa Park consigned the four-time defending champion to a ninth defeat in 12 games in a season that is unravelling. Pep Guardiola's team has won just once during that run. "We don't have a defense for the results. They are not good," Guardiola said.

Third-placed Arsenal closed the gap on league leader Liverpool to three points with a 5-1 win at Crystal Palace, but has played two games more. City dropped to sixth in the standings, nine points below Liverpool, and has played two games more. "It's about what I can do with my people to get the results back and continue," Guardiola said. "If there is a moment that I cannot overthink, it is right now. Try to be simple, stick to my principles and give certainty to the team."

Top four hopes fading After winning six titles in seven years and an unprecedented four in a row, City's remarkable fall shows little sign of stopping. Guardiola admitted last week he had not been good enough to turn his team's form around. City was without a win in any of its last eight away games in all competitions. While it looks unlikely to win a fifth straight title, a place in the top four and Champions League qualification could also be in jeopardy after fourth-placed Nottingham Forest won at Brentford 2-0 to move four points clear of City.


Only once under Guardiola has City managed to win the title when losing six times in the league. That was in 2021, when it lost two of its last three games, having already been confirmed as the champion. City lost nine times when Liverpool won the title in 2020, but its sixth defeat didn't come until February. Guardiola also lost six times in his first season in English soccer in 2016-17 and City finished third.

The latest defeat could have been even more emphatic from a dominant Villa, which moved up to fifth. Duran scored his sixth goal in as many starts in the 16th minute from Rogers' assist. Duran had a goal disallowed for offside in the second half and Rogers hit the post before doubling Villa's lead in the 65th.

Phil Foden pulled a goal back for City in stoppage time, but it wasn't enough to spark a late comeback. "We have to stay positive, even though it's difficult, and we have to keep working hard," City striker Erling Haaland said. Jesus streak It's five goals in a week for Gabriel Jesus against Crystal Palace. After scoring a hat trick in Arsenal's 3-2 comeback win against Palace in the English League Cup quarterfinals on Wednesday, the Brazil striker hit another two goals when the teams met again on Saturday. Going into Wednesday's game, Jesus had only scored once for Arsenal since the end of January. Jesus struck twice in a frantic start at Selhurst Park. He opened the scoring in the sixth, with Ismaila Sarr leveling five minutes later. Jesus restored Arsenal's lead in the 14th and was denied back-to-back hat tricks when hitting the post and then having another close range effort saved by Palace goalkeeper Dean Henderson. Kai Havertz, Gabriel Martinelli and Declan Rice also scored for Arsenal.

Forest flying high If City's demise is a surprise story of the season, so is Forest's rise. After battling relegation for much of last term, Forest is in contention to qualify for the Champions League and possibly more. Facing a Brentford team that was unbeaten at home, goals from Ola Aina and Anthony Elanga secured another statement win on the road for Nuno Espirito Santo's side, having already won at Anfield and Old Trafford this year.

# Badminton nationals: Raghu, Devika Sihag win singles titles



Bengaluru, Dec 25 Karnataka's M Raghu and Haryana's Devika Sihag secured their maiden senior national badminton titles, emerging champions in the men's and women's sections, respectively, at the 86th edition of the tournament here on Tuesday.

Raghu, who won the Egypt international this year, saved three match points in the decider to beat former champion Mithun Manjunath 14-21 21-14 24-22 in the final that clocked just under an hour.

For Devika, it was a befitting end to a successful season as she ended the giant killing run of Shriyanshi Valishetty 21-15 21-16 in the women's singles summit clash. The 19-year-old from Haryana had claimed the Swedish Open and Portugal International, besides reaching final at Estonian and Dutch International.

Junior national champions Arsh Mohammad and Sanskar Saraswat added the senior national title to their trophy cabinet as they upset top seeds Naveen P and Lokesh V 12-21 21-12 19-21 in the men's doubles final.

In doubles categories, Ayush Agarwal and Shruti Mishra defeated eighth seeds Rohan Kapoor and Ruthvika Shivani G 21-17 21-18 to bag the mixed doubles crown, while second seeds Arathi Sara Sunil and Varshini VS won the women's doubles title with a 21-18 20-22 21-17 win over eighth seeds Priya Devi Konjengbam and Shruti Mishra.

# Bhavtegh, Ganemat win skeet gold in shooting Nationals

▶ Bhavtegh Singh Gill saw off Air India's Fatehbir Singh Shergill to win his maiden national title in skeet.

New Delhi, Dec 25 Bhavtegh Singh Gill saw off Air India's Fatehbir Singh Shergill to win his maiden national title in skeet.On a foggy morning, the Chandigarh lad shot down 54 clay birds to Fatehbir's 51 hits to win the senior gold medal of the National Shooting Competition at the Karni Singh Shooting Range on Tuesday. Olympian Mairaj Ahmad Khan bagged the bronze with 43 hits.Gill, a BTech final year student, said that the weather did not affect his shooting as they had been training in Patiala prior to the Nationals. "Fatebir, I and few others trained in Patiala and conditions were pretty similar to what we saw today," the 21-year-old told."I started by breaking the first 10 targets and then dropped a few. Others around me dropped as well but then I broke the next 19 out of the 20 targets and it became easier.

I would not say that the final score of 54 was great but it was good for me today," he added.Earlier, Punjab's Fatehbir topped the qualifications with a total of 123 over five rounds. Munek Battula too tallied a similar score to qualify for the final. Mairaj and Angad Vir Singh Bajwa also made the cut for the final. In the women's category, Punjab's Ganemat Sekhon showed why she is so highly rated as she won her second successive national gold medal. Ganemat broke 50 out of the 60 targets to comfortably win the gold medal. Her state-mate Asees Chhina had to settle for silver after bringing down 46 targets.

Olympian Raiza Dhillon, who topped the qualifying with a record equalling national record score of 122, won the bronze medal.In Bhopal, Karthik Sabari Raj and Narmada Nithin of Tamil Nadu dominated the 10m air rifle mixed team competition, winning it 16-6 against the Railways duo of Arjun Babuta and Sonam Uttam Maskar. Madhya Pradesh's Aishwary Pratap Singh Tomar and Gautami Bhanot won bronze.

**Ishan and Raiza win junior skeet titles**

In the junior men's skeet final, Ishan Singh Libra of Haryana, won a thriller, edging out Bhavtegh Singh Gill 6-5 in a shoot-off after both had tied on 52-hits.The final gold of the day and Haryana's second, was won by Raiza Dhillon, after she eased to victory in the junior women's skeet final. Her tally of 53 was too good for second placed Vanshika Tiwari of Madhya Pradesh, who managed 47. Yashasvi Rathore of Rajasthan won bronze.



